दैनिक
नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 17 | अंक 122 | सीकर, मंगलवार 30 जून 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

शर्मा बने अखिल भारत हिन्दू महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष

निसं

मुकुंदगढ़ (नवयत्न)। डूंडलोद निवासी शंकर लाल शर्मा को अखिल भारत हिन्दू महासभा का राजस्थान प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चक्रपाणि महाराज, राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार पूनिया, प्रदेश महामंत्री भागीरथ पिलानिया, प्रदेश संगठन महामंत्री अशोक योगी, सह संगठन महामंत्री विष्णु शर्मा काजड़ा तथा कोर कमेटी अध्यक्ष डॉ राजेंद्र प्रसाद शर्मा द्वारा गौ-रक्षा प्रदेश संगठन महामंत्री पंडित नंदकिशोर की अनुशंसा पर की नियुक्ति की गई है। शंकर लाल शर्मा की सनातन धर्म के प्रति निष्ठा, समर्पण तथा हिन्दुत्व के लिए किए गए कार्यों को देखते हुए उन्हें यह दायित्व सौंपा गया है। नियुक्ति पर शंकर लाल शर्मा ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसका निर्वहन वे पूरी ईमानदारीए निष्ठा और समर्पण के साथ करेंगे।

पंचायतीराज मंत्रालयिक कर्मचारी संघ के दिवंगत साथी को दी श्रद्धांजलि

नवरतन वर्मा

रतनगढ़ (नवयत्न)। पंचायत समिति चूरू में पद स्थापित कनिष्ठ सहायक हिम्मतसिंह शेखावत की राष्ट्रीय जनगणना की ड्यूटी करने के दौरान दुर्घटना से हुई आकस्मिक मृत्यु से पंचायतीराज मंत्रालयिक कर्मियों में दुख की लहर दौड़ गई। स्थानीय पंचायत समिति के मंत्रालयिक कर्मचारी संघ शाखा द्वारा शोक सभा का आयोजन किया गया। शाखा के संरक्षक मोहनसिंह राठौड़ ने बताया कि 28 मई को जनगणना का कार्य करते वक्त कनिष्ठ सहायक हिम्मतसिंह शेखावत को पीछे से आती हुई मोटरसाइकिल की टक्कर लगी जिससे गिरने पर सड़क के डिवाइडर से उनके सर में गंभीर चोट आ गई थी। उनका गत एक माह जयपुर में इलाज चल रहा था। एक माह तक मृत्यु से संघर्ष करने के बाद हिम्मतसिंह शेखावत का गत शनिवार देर रात आकस्मिक निधन हो गया। अपने एक साथी के यूं दिवंगत हो जाने से पंचायतीराज मंत्रालय कर्मचारियों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। कार्मिक संघ के पदाधिकारियों ने शेखावत के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा में शाखा अध्यक्ष प्रभुसिंह राठौड़, अनिल पारीक, हरिश स्वामी, नंदनसिंह, रहीशसिंह, गुलाम कादर, गजेंद्रसिंह, मनोज चारण, संजय, मुकेश मीणा, नानूराम जाट, लीलाधर, मनफूल सहित अन्य पंचायतीराज मंत्रालयिक कर्मचारी उपस्थित रहे।

धूपालिया गांव में शिविर आयोजित

निसं

नोखा (नवयत्न)। नोखा की ग्राम पंचायत धूपालिया निवासी छेलाराम पुत्र जेठाराम के लिए सोमवार का दिन नई उम्मीद और राहत लेकर आया। वर्षों से राजस्व रिकॉर्ड में नाम की त्रुटि के कारण वे विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित थे। जमाबंदी के खाता संख्या 44, 326 एवं 320 में उनका नाम यामसुंदर पुत्र जेठाराम दर्ज था, जबकि उनके आधार कार्ड, जनाधार एवं अन्य दस्तावेजों में नाम छेलाराम पुत्र जेठाराम अंकित था। नाम में इस भिन्नता के कारण उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, खाद-बीज अनुदान सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था। ग्रामीण सेवा शिविर में पहुंचकर छेलाराम ने धारा 136 के अंतर्गत नाम शुद्धि हेतु प्रार्थना.पत्र प्रस्तुत किया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पटवारी द्वारा तत्काल रिपोर्ट तैयार की गई तथा गिरदावर द्वारा मौके पर जांच की गई। जांच के दौरान तहसीलदार नोखा चंद्रशेखर टांक ने मौके पर उपस्थित ग्रामीणों एवं सहखातेदारों से चर्चा की। सभी सहखातेदारों की सहमति प्राप्त की गई। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि मांगू सिंह ने बताया कि गांव में प्रार्थी को आम बोलचाल में यामा के नाम से पुकारा जाता है, जबकि उनके आधिकारिक दस्तावेजों में नाम छेलाराम दर्ज है। उपस्थित ग्रामीणों, सरपंच एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी इस तथ्य की पुष्टि की कि दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। इसके पश्चात मौके पर ही मौका फर्द तैयार कर नाम शुद्धि की अनुशंसा की गई, जिस पर शिविर प्रभारी द्वारा तत्काल आदेश जारी किए गए। आदेश जारी होते ही राजस्व रिकॉर्ड में आवश्यक संशोधन की प्रक्रिया पूर्ण कर दी गई।

वर्षों से चली आ रही समस्या का समाधान होने पर छेलाराम ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रशासनिक अधिकारियों एवं ग्रामीण सेवा शिविर का आभार व्यक्त किया। अब उनके लिए सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने का मार्ग पूरी तरह प्रशस्त हो गया है।

हरियाणा-राजस्थान के बीच यमुना जल समझौता
शेखावाटी समेत मरुक्षेत्र को मिलेगी नई जीवनधारा

जयपुर।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के समन्वयकारी प्रयासों के बीच सोमवार को राजस्थान और हरियाणा के बीच बहुप्रतीक्षित यमुना जल समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। करीब तीन दशक से लंबित यह परियोजना अब क्रियान्वयन के निर्णायक चरण में पहुंच गई है। लगभग 34,102 करोड़ रुपए की लागत वाली यह महत्वाकांक्षी परियोजना राजस्थान के जल इतिहास में महत्वपूर्ण मील का पत्थर मानी जा रही है।

नई दिल्ली में हुआ समझौता

नई दिल्ली में हुए समझौते पर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर दोनों राज्यों और केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

'जल सुरक्षा विकसित भारत की प्राथमिकता'

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2047 के विजन में जल सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जल संरक्षण, जल प्रबंधन और राज्यों के बीच सहयोग की नई कार्य संस्कृति विकसित हुई है। नर्मदा परियोजना, जल जीवन मिशन, केन-बेतवा लिंक परियोजना और राम जल सेतु लिंक परियोजना की तरह यमुना जल परियोजना भी इसी दूरदर्शी सोच का परिणाम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का स्पष्ट विश्वास है कि जल केवल प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि जीवन, विकास और आने वाली पीढ़ियों की समृद्धि की आधारशिला है। यही सोच इस ऐतिहासिक समझौते की प्रेरणा बनी।

अमित शाह और सीआर पाटिल का जताया आभार-मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने दोनों राज्यों के बीच विश्वास, संवाद और समन्वय स्थापित कर इस जटिल विषय का समाधान संभव बनाया। उन्होंने कहा कि अमित शाह ने प्रत्येक चरण में व्यक्तिगत रुचि लेकर सहमति बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसके परिणामस्वरूप तीन दशक पुराना मुद्दा समाधान तक पहुंच सका। उन्होंने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल की तकनीकी और प्रशासनिक नेतृत्व क्षमता की भी सराहना करते हुए कहा कि मंत्रालय के सक्रिय सहयोग से परियोजना की प्रक्रियाओं को समयबद्ध गति मिली।

डबल इंजन सरकार की उपलब्धि बताया

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार ने यह साबित किया है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति, केंद्र-राज्य समन्वय और समयबद्ध निर्णयों के जरिए दशकों से लंबित परियोजनाओं को भी सफलतापूर्वक पूरा किया जा सकता है।

अजमेर हाई सिक्योरिटी जेल में डकैत जगन गुर्जर की हत्या
कुलदीप जघीना हत्याकांड के आरोपी ने तौलिए से गला घोंटा, साथ में लूडो खेला था

अजमेर।

अजमेर हाई सिक्योरिटी जेल में सोमवार को डकैत जगन गुर्जर की हत्या हो गई। भरतपुर के कुलदीप जघीना हत्याकांड के आरोपी विष्णु ने जगन गुर्जर की टॉवल (तौलिए) से गला दबाकर मर्डर किया। हार्डकोर बंदी विष्णु और जगन गुर्जर एक ही बैरक में बंद थे। हत्या की ने पुष्टि की।

जेल अधीक्षक पारस जांगिड़- डकैत जगन गुर्जर मार्च 2026 से हाई सिक्योरिटी जेल में बंद था। विष्णु 3 साल से बंद था। दोनों ने सुबह 11 बजे बैरक की सफाई की थी। साथ में लूडो खेला था। दोपहर 11 से 3 बजे के बीच सेल बंद होने के समय ड्यूटी स्टाफ राउंड पर आया था।बैरक खोली तो डकैत जगन गुर्जर की बॉडी पड़ी थी और उसका साथी अंदर था। विष्णु से पूछा तो बोला- मैंने मार डाला। एसपी हर्षवर्धन अग्रवाला ने बताया- एफएसएल टीम ने मौके से सबूत जुटाए। शुरुआती जांच में छोटे-मोटे झगड़े को लेकर यह हत्या हुई है। गैंगवार जैसी कोई बात नहीं है। मामले में जांच जारी है। वहीं सूत्रों के अनुसार- सुबह करीब 10 बजे जगन और विषणु के बीच नाश्ते के समय विवाद हुआ था। 11 बजे दोनों को बैरक में चले गए थे। 3 बजे जब बैरक खुली तो हत्या का पता चला। प्रारंभिक पूछताछ में विष्णु ने बताया- जगन गुर्जर उसे अलग-अलग बात पर ताने देकर परेशान करता था।

27 साल पहले अपराध की दुनिया में आया था-डकैत जगन गुर्जर करीब 27 साल पहले 1994 में अपराध की दुनिया में आया था। उसका ऐसा खौफ था कि डर से कई गांवों में शादियां तक होनी बंद हो गई थीं। उसके खुद के गांव में 10 साल तक कोई शादी नहीं हुई थी। उसकी दहशत से न सिर्फ गांव वाले बल्कि उसके पिता भी गांव छोड़कर चले गए थे। जगन गुर्जर ने अपने जीजा के हत्यारों को भी जान से मार डाला था। चौतरफा बीहड़ों से घिरे धौलपुर के डांग क्षेत्र में उसने अपना ठिकाना बनाया था।

महिलाओं को निर्वस्त्र कर गांव में घुमाया था

जगन पर 2019 में महिलाओं से मारपीट और दुर्व्यवहार करने के भी आरोप लगे थे। धौलपुर जिले के करनपुर-सायका पुरा गांव में दो महिलाओं से मारपीट कर उन्हें निर्वस्त्र कर गांव में घुमाया था। एक पुलिसकर्मी की हत्या का भी आरोप लगा था। साल 2008 में गुर्जर आरक्षण आंदोलन के दौरान पूर्व सीएम वसुंधरा राजे का धौलपुर महल उड़ाने की धमकी देकर देशभर में चर्चा में आया था। तब पुलिस ने उस पर 11 लाख रुपए का इनाम रखा था और वह चंबल का सबसे बड़ा दस्यु बन गया था।

राममंदिर चोरी : 8 आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत
अयोध्या के वकील पैरवी नहीं करेंगे; ट्रस्ट की बैठक अब 5 दिन पहले होगी

अयोध्या/लखनऊ।

राम मंदिर ट्रस्ट की 11 जुलाई को होने वाली बैठक अब 6 जुलाई को अयोध्या में होगी। सूत्रों के अनुसार, यह बैठक मणि रामदास जी की छावनी की जगह कारसेवक पुरम में हो सकती है। दिन और जगह क्यों बदला गया, इस बारे में पता नहीं चल पाया है।

वहीं, चढ़ावा चोरी मामले में पूर्व पदाधिकारियों चंपत राय, अनिल मिश्रा और गोपाल राव से पूछताछ की गई। उनके बयान दर्ज किए गए। इसके बाद चंपत राय दिल्ली चले गए।

इस बीच मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। वकील अनूप अवस्थी की सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका पर तुरंत सुनवाई से इनकार करते हुए कोर्ट ने पूछा कि इतनी जल्दी क्या है? छुट्टियों के बाद ही मामला सुना जाएगा। इधर, पुलिस सोमवार सुबह साढ़े 10 बजे जेल में बंद 8 आरोपियों के खाते खंगालने के लिए एसबीआई की अयोध्या धाम ब्रांच पहुंची। 7 आरोपियों के खाते इसी ब्रांच में हैं। पुलिस ने बैंक स्टेटमेंट लिए। अब यह जांच की जाएगी कि मंदिर में नौकरी के बाद से उनके खातों में कितना पैसा आया। पुलिस ने बैंक के 2 कर्मचारियों को भी नोटिस दिया है। इस बीच, सभी 8 आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस आरोपियों की रिमांड नहीं मांगी। फिर कोर्ट ने सभी आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अगली सुनवाई 13 जुलाई को होगी। तब तक आरोपी जेल में ही रहेंगे। हालांकि, इससे पहले ही अयोध्या के वकीलों ने बड़ी बैठक की। इसमें फैसला लिया कि चढ़ावा चोरी के आरोपियों का केस कोई भी वकील नहीं लड़ेगा। साथ ही, चंपत राय, गोपाल राव और अनिल मिश्रा के अयोध्या छोड़ने की मांग की। नहीं छोड़ने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

एसआईटी ने 23 जून को रिपोर्ट सौंपी, 2 दिन बाद गिरफ्तारी

चोरी का मामला पहली बार 7 जून को सामने आया। यूपी सरकार ने 13 जून को एसआईटी बनाई। एसआईटी ने 23 जून को एडिशनल चीफ सेक्रेटरी (गृह) संजय प्रसाद को रिपोर्ट सौंपी। 25 जून को ट्रस्ट के सदस्य कृष्ण मोहन की शिकायत पर एफआईआर हुई। इसमें रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू समेत 8 को नामजद किया गया। हालांकि, चंपत राय, डॉ. अनिल मिश्रा समेत बड़े पदाधिकारियों के नाम नहीं हैं। एफआईआर दर्ज होने के कुछ घंटे बाद ही पुलिस ने टिन्नू समेत 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। 26 जून को सीजेएम कोर्ट ने सभी आरोपियों को 3 दिन के लिए जेल भेज दिया। इसी दिन मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने इस्तीफा दे दिया। अगले दिन ट्रस्ट ने कहा- 11 जुलाई को होने वाली बैठक में इस पर फैसला लिया जाएगा। 28 जून को पुलिस की 8 टीमों ने आरोपियों के घर पर एकसाथ छापेमारी की थी। चंपत राय के करीबी रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू के घर से निवेश-खरीद से जुड़े कागजात, आभूषण और नकदी मिले थे। आरोपी अनुकल्प मिश्रा के घर से एक डायरी मिली थी। पुलिस का मानना है कि डायरी से चढ़ावा चोरी मामले से जुड़े सुराग मिल सकते हैं।

अल्फा के प्रमोशन के लिए जयपुर पहुंची आलिया भट्ट और शरवरी

जयपुर (नवयत्न)। आगामी फिल्म अल्फा के प्रमोशनल टूर के तहत बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट और शरवरी सोमवार को जयपुर पहुंचीं। दोनों कलाकारों ने शहर में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेते हुए प्रशंसकों और विद्यार्थियों से संवाद किया तथा फिल्म से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। प्रमोशनल दौरे की शुरुआत मिराज सिनेमाज से हुई। जहां आलिया और शरवरी ने प्रशंसकों एवं दर्शकों से मुलाकात की। इसके बाद दोनों कलाकारों ने जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी पहुंचकर छात्रों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने फिल्म अल्फा अपने दमदार एक्शन किरदारों की तैयारी और शूटिंग के अनुभव साझा किए। छात्रों ने भी कलाकारों से सवाल पूछे, जिनका दोनों ने उत्साहपूर्वक जवाब दिया। दौरे के दौरान दोनों अभिनेत्रियों ने जयपुर के प्रतिष्ठित पत्रिका गेट का भी भ्रमण किया।

पंचमुखी हनुमान मंदिर में द्वादश ज्योतिर्लिंग का किया अभिषेक

निसं

जयपुर (नवयत्न)। दिल्ली रोड स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में द्वितीय ज्येष्ठ मास पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार को श्री गोविन्द देवजी की कृपा से महंत रामरज दास त्यागी के सानिध्य में द्वादश ज्योतिर्लिंग पूजन एवं अभिषेक का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया। संत-महंतों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विश्व जन कल्याण एवं सुख-समृद्धि की कामना की। धर्म प्रचारक विजय शंकर पाण्डेय ने बताया कि भगवान शिव का गन्ने के रस, बेल रस, भांग, दूध, दही, घी, शहद, बूरा, विभिन्न फलों के रस तथा गंगाजल से विधिवत अभिषेक किया गया। वैदिक रीति से अनुष्ठान का संचालन डॉ. प्रशान्त शर्मा, रमाकांत और कौशल जैमिनी सहित विद्वानों ने कराया। इस अवसर पर भगवान हनुमान और भगवान भोलेनाथ की आकर्षक विशेष झांकी सजाई गई तथा चूरमे का भोग अर्पित किया गया। संत-महंतों के सानिध्य में आयोजित महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ अर्जित किया। महाआरती में गढ़ गणेश मंदिर के गौरव मेहता, ट्रांसपोर्ट नगर के महंत विजय शंकर, परकोटा गणेश मंदिर के महंत अमित शर्मा तथा मेहंदीपुर बालाजी से सुदीप तिवारी सहित

अनेक संत.महंत और श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान रहा।

मनरेगा कर्मचारियों नियुक्ति प्रक्रिया लंबित, शीघ्र पूरा करने की मांग

निसं

नोखा (नवयत्न)। मनरेगा कार्मिकों ने सोमवार को सहायक विकास अधिकारी राजेश व्यास को सामूहिक हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपा। इसमें राज्य सरकार से नियमितीकरण की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने की मांग की गई। कार्मिक लंबे समय से अपनी नियुक्ति प्रक्रिया लंबित होने से परेशान हैं। ज्ञापन में बताया गया कि मनरेगा कार्मिक पिछले 15 वर्षों से अधिक समय से अल्प मानदेय पर संविदा व्यवस्था में सेवाएं दे रहे हैं। इतने लंबे समय तक विभागीय कार्यों का निर्वहन करने के बावजूद उन्हें नियमित कर्मचारियों का दर्जा नहीं मिल पाया है।

नौ वर्ष या उससे अधिक अवधि तक दस्तावेज सत्यापन पूरा

कार्मिकों ने जानकारी दी कि श्राजस्थान कॉन्ट्रेक्चुअल हायरिंग टू सिविल पोस्ट्स रूल्स-2022 के तहत नौ वर्ष या उससे अधिक अवधि तक कार्यरत कार्मिकों का दस्तावेज सत्यापन पूरा हो चुका है। इसके अतिरिक्त, नियमितीकरण के लिए 4,966 पदों के सृजन की प्रशासनिक स्वीकृति भी जारी हो चुकी है।

इन स्वीकृतियों के बावजूद नियुक्ति प्रक्रिया अभी भी लंबित है। कार्मिकों ने सरकार से शीघ्र नियमित पदों पर नियुक्ति आदेश जारी करने का आग्रह किया, ताकि वर्षों से सेवा दे रहे इन कर्मचारियों को राहत मिल सके।

ये रहे मौजूद

इस दौरान मनरेगा कर्मचारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष प्रशांत कुमार, एमआईएस मैनेजर राखी शर्मा, लेखा सहायक रामसिंह राठौड़, बिंदू पंवार, भास्कर पारीक, कंप्यूटर ऑपरेटर उदय गोदारा, ओमप्रकाश, जेठाराम, कनिष्ठ तकनीकी सहायक हर्षवीर चौधरी, सहीराम, मनोज कुमार, बजरंगलाल, विजयपाल और लक्ष्मीनारायण सहित बड़ी संख्या में मनरेगा कार्मिक उपस्थित रहे।

कोबरी-सार



जिला स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित

निसं

बीकानेर (नवयत्न)। तीसवां जिला स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह सोमवार को जिला परिषद सभागार में आयोजित हुआ। समारोह के दौरान 13 भामाशाहों और 9 प्रेरकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलक्टर निशान्त जैन थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। वहीं शिक्षा के विकास में सहयोग देना अपने आप में अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 30 वर्षों से ऐसे भामाशाहों का सम्मान किया जाता है। इससे दूसरों को प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि मां के बाद शिक्षक ही ऐसा व्यक्ति होता हैए जो अपने शिष्य को खुद से बेहतर बनाने का काम करता है। हमें ऐसे शिक्षकों के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए। जिला कलक्टर ने कहा कि बीकानेर में भामाशाहों की लम्बी श्रृंखला है। इनमें से अनेक लोग शिक्षा के क्षेत्र में अपना सहयोग दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आगामी सालों में इस संख्या में और अधिक इजाफा करने के प्रयास हो। उन्होंने प्रेरकों की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताया। जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलजा पांडे ने कहा कि बच्चों का शिक्षा का बेहतर वातावरण मिलेगा तो वे और अधिक अच्छा परिणाम दे सकेंगे। उन्होंने आह्वान किया कि बेटियों को भी शिक्षा के भरपूर अवसर दें। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की संयुक्त निदेशक डॉ. सुनीता चावला ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रतिवर्ष एक करोड़ या इसे अधिक राशि का सहयोग करने वाले भामाशाहों को शिक्षा विभूषण, 30 लाख या इससे अधिक और एक करोड़ से कम राशि का सहयोग करने वालों को राज्य स्तर पर शिक्षा भूषण सम्मान से सम्मानित किया जाता है। इसी प्रकार एक लाख से लेकर 29 लाख 99 हजार 999 रुपए का सहयोग करने वालों को जिला स्तर पर शिक्षा सम्मान दिया जाता है। इसी प्रकार 50 लाख से अधिक राशि के योगदान के लिए भामाशाह को प्रेरित करने वाले प्रेरक को राज्य तथा 5 से 50 लाख रुपए तक की राशि के योगदान के लिए भामाशाह को प्रेरित करने वाले प्रेरक को जिला स्तर पर सम्मानित किया जाता है। जिला शिक्षा अधिकारी किशन दान चारण ने बताया कि प्रदेश में भामाशाहों द्वारा अब तक 1155.48 करोड़ तथा इस वर्ष 318 करोड़ रुपए शैक्षणिक उन्नयन के लिए दान किया गया है। उन्होंने बताया कि इस बार प्रदेश स्तर पर 154 भामाशहों और 99 प्रेरकों को सम्मानित किया गया है। उन्होंने स्वागत उद्बोधन दिया और कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। श्याम पंचारिया ने कहा कि भामाशाहों और प्रेरकों का सम्मान श्रेष्ठ परम्परा है। इससे दूसरों को प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में शैक्षिक उन्नयन की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है। भामाशाहों और दानदाताओं के सहयोग से इसमें और अधिक गति आई है। डॉ. सत्यप्रकाश आचार्य ने कहा कि राजस्थान भामाशाहों और दानदाताओं का प्रदेश है। सदियों पूर्व भामाशाह द्वारा दिया गया दान और उनकी दानशीलता देश और दुनिया में विशेष पहचान रखती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के लिए दिया गया दान कभी निष्फल नहीं जाता। शिक्षा विभाग के पूर्व संयुक्त निदेशक डॉ. विजय शंकर आचार्य ने कहा कि अपनी कमाई के धन को परहित, विशेषकर बच्चों की शिक्षा के लिए व्यय करना अत्यंत पुण्यदायी और फलदाई होता है। इसके लिए सभी भामाशाह साधुवाद के पात्र हैं। इससे पहले जिला कलक्टर सहित सभी अतिथियों ने मां सरस्वती और भामाशाह के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की।

इन भामाशाहों और प्रेरकों का हुआ सम्मान

कार्यक्रम के दौरान अनिल कुमार गोरा, बजरंग लाल राघानी, बलजीत सिंह बाजवा, चंद्रेश हर्ष, मंगतूराम जोशी, पूनम चंद सुथार, रचना शर्मा, रामलाल, रामलक्ष्मण गोदारा, संजय कुमार, सीमा शर्मा, सिराजुद्दीन और सुरेन्द्र कुमार को भामाशाह के रूप में सम्मानित किया गया। इसी प्रकार प्रेरक के रूप में मनोज कुमार, किशनाराम कांटिया, भंवर सिंह बीका, सांवरमल गोदारा, बहादुर सिंह, पवन कुमार मोदी, रामस्वरूप जोशी, श्रीकृष्ण चौधरी और सुनीता चौधरी को प्रेरक के रूप में सम्मान दिया गया।

इनकी रही मौजूदगी

कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशक डॉ. ओमप्रकाश सारस्वत, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. महेन्द्र शर्मा, एडीपीसी कृष्णकुमार बिश्नोई, उप जिला शिक्षा अधिकारी अनिल बोड़ा, रवि आचार्य सहित अनेक लोग मौजू रहे। कार्यक्रम का संचालनचंडीदान चारण ने किया।

द मरुधरा मिस्ट्री ट्रेजर हंट का धमाकेदार समापन

निसं

नोखा (नवयत्न)। जैन एसोसिएशन ऑफ यूथ द्वारा आयोजित मेगा ट्रेजर हंट श्द मरुधरा मिस्ट्री का सफलतापूर्वक आयोजन हुआ। जैन समाज के युवाओं की 5-5 सदस्यों वाली टीमों ने पूरे शहर में अलग-अलग स्थानों पर छिपे क्लूज ढूंढे और रोमांचक गतिविधियों को पूरा किया। सभी चुनौतियों को सबसे पहले पूरा करने वाली टीम को विजेता तथा रनर-अप टीम को भी सम्मानित किया गया। इस अनोखे आयोजन ने पूरे शहर में उत्साह का माहौल बना दिया और प्रतिभागियों ने इसकी खूब सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की इच्छा जताई। जय टीम ने बताया कि इस प्रोग्राम की तैयारी पिछले एक महीने से चल रही थी। साथ ही आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी दुकानदारों, मकान मालिकों एवं सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

माहेश्वरी नोखा तहसील सभा का हुआ पुनर्गठन

निसं

नोखा (नवयत्न)। नोखा तहसील माहेश्वरी समाज की एक बैठक सत्र-2026-29 कृष्ण मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई। तहसील अध्यक्ष अशोक लाहोटी ने बताया कि इस बैठक में समाज के प्रबुद्ध जनों की गरिमामयी उपस्थिति रही व मीटिंग में सर्वसहमति से आनंद कुमार मल रोड़ा को अध्यक्ष व सुरजमल बजाज हिमटसर को मंत्री व बाबूलाल मालाणी बेरासर को उपाध्यक्ष व सुनील लाहोटी काकड़ा को कोषाध्यक्ष पद पर मनोनयन किया गया । इस अवसर पर बीकानेर जिला माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष ललित झंवर, पुरषोतम तापड़िया, किशनगोपाल चितलांगिया भंवरलाल बाहेती नोखा शहर अध्यक्ष, बृज मोहन राठी हिमटसर, अशोक लाहोटी नोखा तहसील अध्यक्ष, राजकुमार करनाणी, गिरीराज राठी, जगदीश राठी बेरासर, बजरंग करनाणी, दीपक भट्टड़ एविनोद मालपाणी उपस्थित रहे व सभी मनोनीत पदाधिकारीयो को पुष्लमाला पहनाकर बधाई दी गई।

जनसेवा समिति का ट्रस्ट की नितियों के विरोध में धरना

मांगें नहीं मानने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी

निसं

खेतड़ी (नवयत्न)। खेतड़ी उपखंड कार्यालय के सामने जनसेवा समिति की ओर से चल रहा धरना सोमवार को भी जारी रहा। इस दौरान जनसेवा समिति की ओर से जल्द उनकी मांगे नहीं मानने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है। जनसेवा समिति अध्यक्ष गोकुलचंद सैनी ने बताया कि भोपालगढ़ ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों द्वारा खेतड़ी ट्रस्ट के द्वारा झूठे मुकदमे लगाए जाने, आस्था की देवी सती माता आम रास्ते पर गेट लगाने, अभ्यारण से आने वाले जंगली जानवर के द्वारा मारे गए पालतू पशुओं का उचित मुआवजा दिलाने को लेकर अपनी विभिन्न जनहित मांगों के समर्थन में एसडीएम कार्यालय के सामने धरना दिया जा रहा है। इसके बावजूद भी प्रशासन की ओर से आमजन के हितों को लेकर आवश्यक कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। उन्होंनेकहा कि क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए लंबे समय से शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है, लेकिन अभी तक प्रशासन द्वारा अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने प्रशासन से जनभावनाओं का सम्मान करते हुए शीघ्र सकारात्मक कदम उठाने की मांग की। धरना स्थल पर उपस्थित लोगों ने एकजुट होकर अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाए तथा चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं होती तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस मौके पर ओमप्रकाश, सुरेश शाह, बहादुर मल, नागरमल सैनी, मुरली बागवान, लाखन सिंह, कैलाश चंद, जुगल किशोर सैनी, यादराम, रोहित, उमेद सिंह, चंद्रभान चौधरी, नवल, रोहिताश हलवाई, गिरधारी, बाबूलाल सैनी, श्याम सिंह, प्रदीप सिंह चौहान, गोपी राम सैनी, सुगन लाल, भूपेंद्र सोढ़ा सहित अनेक लोग मौजूद थे।

सवा लाख बिलपत्र व अक्षत से सम्पन्न हुवा लष्टाक्षक महायज्ञ

निसं

नोखा (नवयत्न)। तहसील परिसर स्थित अर्केश्वर महादेव परिवार द्वारा व नंदीशाला में आयोजित तीन दिवसीय सपादलक्ष बिल्वपत्र 125000 एवं अक्षत द्वारा शिवार्चन महोत्सव श्रद्धा एवं भक्ति के साथ सम्पन्न हुआ। यह धार्मिक अनुष्ठान लगातार तीन दिन एवं दो रात्रि तक चला। यह आयोजन कथावाचक महावीर पंचारिया के सान्निध्य में पाँच विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान से सम्पन्न कराया गया। वहीं पूरे कार्यक्रम का संचालन एवं नेतृत्व दिनेश सिंह राजपुरोहित की अगुवाई में हुआ। समापन अवसर पर अर्केश्वर महादेव परिवार की ओर से नंदीशाला को 61,000 की सहयोग राशि भेंट की गई। इसके पश्चात यज्ञ, महाआरती, प्रसाद वितरण एवं भक्तों के दर्शन के साथ महोत्सव का विधिवत समापन हुआ। पूरे आयोजन के दौरान वातावरण शिवमय एवं भक्तिमय बना रहा। अर्केश्वर महादेव परिवार के मार्गदर्शक लालचंद उपाध्याय सारूंडा वाले ने महोत्सव के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया।

भाजपा महामंत्री ने पूर्व सांसद खींचड़ के जन्मदिवस पर कराया निःशुल्क भोजन

निसं

मंडावा (नवयत्न)। पूर्व सांसद नरेंद्र कुमार खींचड़ के जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा महामंत्री संजय परिहार की ओर से श्री अन्नपूर्णा रसोई में जरूरतमंद एवं आमजन के लिए निःशुल्क भोजन सेवा का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने भोजन ग्रहण कर पूर्व सांसद नरेंद्र कुमार खींचड़ के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं यशस्वी जीवन की कामना की। भाजपा महामंत्री संजय परिहार ने कहा कि समाज के जरूरतमंद लोगों की सेवा करना भारतीय संस्कृति की सर्वोत्तम परंपरा है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के जन्मदिवस को सेवा और समर्पण के कार्यों के माध्यम से मनाना समाज के लिए प्रेरणादायी संदेश देता है। इस अवसर पर संदीप शर्मा, कैलाश शर्मा, मनोज सेन, आलोक शर्मा, सुनील सैनी सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने भोजन वितरण में सहयोग करते हुए सेवा कार्य में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने पूर्व सांसद नरेंद्र कुमार खींचड़ को जन्मदिवस की शुभकामनाएँ देते हुए उनके स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की मंगलकामना की। आयोजन सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

मुख्य रास्ते पर जलभराव से राहगीर परेशान

निसं

खेतड़ी (नवयत्न)। सिंघाना पंचायत समिति क्षेत्र के सावलोद गांव में मुख्य मार्ग पर लंबे समय से गंदे पानी का भराव होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जलभराव होने से सड़क से बाइक सवारों और पैदल राहगीरों का सुरक्षित निकलना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में इस मार्ग का कोई वैकल्पिक रास्ता नहीं होने के कारण मजबूरी में इसी गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। ग्रामीणों के अनुसार दिनभर में दो से तीन बाइक सवार पानी में फिसलकर गिर जाते हैं, जिससे उन्हें चोटें भी लग रही हैं। सड़क पर लगातार जलभराव रहने से लोगों में दुर्घटना का डर बना रहता है। सबसे अधिक परेशानी स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को उठानी पड़ रही है। भाजपा नेता विकास भालोठिया ने बताया कि सड़क के दोनों ओर बने घरों से निकलने वाले गंदे पानी की उचित निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण यह समस्या लगातार बनी हुई है। उन्होंने कहा कि कई घरों द्वारा अपने घरों के गंदे पानी के लिए नालियां नहीं बनाई गई हैं, जिससे पानी सीधे आम रास्ते पर आकर जमा हो जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि सड़क के दोनों किनारों पर अतिक्रमण होने के कारण सड़क का स्तर बीच में नीचे हो गया है, जबकि दोनों ओर ऊंचाई हो गई है।

इसी वजह से बारिश और घरों से निकलने वाला गंदा पानी बीच सड़क पर जमा होकर तालाब जैसी स्थिति बना देता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द अतिक्रमण हटाने, स्थायी नाला निर्माण कराने तथा सड़क की मरम्मत कर जल निकासी की समुचित व्यवस्था करने की मांग की है। उनका कहना है कि समय रहते समाधान नहीं किया गया तो बरसात के मौसम में स्थिति और गंभीर हो सकती है तथा किसी बड़े हादसे से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

बावरिया लोगों को हटाने को लेकर ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

निसं

नवलगढ़ (नवयत्न)। क्षेत्र के देवीपुरा में गोशाला के सामने स्थित अवैध रूप से बसे बावरिया जाती के लोगो को हटाने को लेकर सोमवार को ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन किया इस दौरान करीब चार घंटे तक विरोध जारी था ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस तैनात हो गई थोड़ी देर बाद डिप्टी तहसीलदार भी मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की बात सुनी ग्रामीणों का कहना है, कि देवीपुरा जोहड़ में बावरिया जाती के लोग बसे हुए है। जो आए दिन ग्रामीणों के साथ झगड़ा करते है। पिछले कई दिनों से चोरिया कर रहे है, आए दिन बदमाशी करते है काफी दूरी पर अवैध बसे हुए है। इनको हटाया जाए मामला बढ़ता देख विधायक विक्रम सिंह भी सभा में लोगो के बीच आ गए उनकी बात सुनकर प्रशासन को कार्रवाई कर बावरिया लोगो को जल्द हटाने की बात कही इसके बाद ग्रामीणों का धरना हटाया गया। इस दौरान सरपंच रामकरण पुनिया, पूर्व जिला परिषद सदस्य रामेश्वर कल्याण, पूर्व सरपंच बुद्रमल सैनी, पूर्व सरपंच भागूराम गुर्जर, राधेश्याम गुर्जर, मातादीन शर्मा सहित आसपास के हजारों लोगों ने विरोध किया उधर तहसीलदार ने विरोध कर रहे लोगो को धरना स्थल पर आश्वासन दिया कि बावरिया जाती के लोगो को नोटिस जारी किय गया है जिसकी अवधि 15 दिन की है उस नोटिस का जबाव कब कैसा आता है अगर 15 दिन में स्वयं अतिक्रम नहीं हटाया जाता है तो फिर प्रशासन अपनी कारवाही करेगा लेखनीय है कि पिछले पांच छ सालों से कुछ बावरिया जाती के परिवार बसे हुए है जिन्होंने ग्रामीणों का जीना हराम कर रखा है ग्रामीणों ने जल्द हटाने की मांग की है।

सोलर प्लांट हादसे में मजदूर की मौत, लापरवाही के आरोप पर ग्रामीणों का प्रदर्शन

निसं

बीकानेर (नवयत्न)। पूगल थाना क्षेत्र के करणीसर भाटियान गांव स्थित निर्माणाधीन सोलर प्लांट में रविवार को हुए हादसे में दिहाड़ी मजदूर ईश्वर सिंह 35 की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार लोडिंग-अनलोडिंग के दौरान क्रेन का बेल्ट टूटने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

उन्हें पीबीएम अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसे के बाद ग्रामीणों और साथी मजदूरों ने प्लांट के बाहर प्रदर्शन कर प्रबंधन पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी और पुराने उपकरणों के उपयोग का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारियों ने मृतक के परिजनों को 5 करोड़ रुपये मुआवजाए एक सदस्य को स्थायी नौकरी, पत्नी को मासिक पेंशन, बच्चों की शिक्षा, परिवार को आवास तथा अन्य लोगों को रोजगार देने की मांग की।

किसानों ने किया प्रदर्शन

निसं

बीकानेर (नवयत्न)। रविवार को बिजली के करंट लगने से गजपुरा गांव के किसान के चार पशुओं की हुई मौत के मामले के बाद सोमवार को बड़ी संख्या में आक्रोशित किसान श्रीडूंगरगढ़ जोधपुर डिस्कॉम कार्यालय पहुंचे। किसानों ने जमकर हंगामा किया। किसानों के साथ आरएलपी नेता डॉ विवेक माचरा, जिला परिषद सदस्य श्रीराम भादू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने किसान को मुआवजा देने की मांग की। किसान की मांग को लेकर कार्यालय में धरने पर बैठे और पांच लाख रुपए का मुआवजा मांग की।

लापता युवक को 1.5 किलो चांदी सहित सकुशल किया दस्तयाब

निसं

बीकानेर (नवयत्न)। नोखा पुलिस ने तीन दिन से लापता युवक सांवरलाल सोनी को 1 किलो 500 ग्राम चांदी के साथ सीकर जिले के लक्ष्मणगढ़ से सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सौंप दिया। युवक बीकानेर जाने की बात कहकर घर से निकला थाए लेकिन अपने भाई के पास नहीं पहुंचने पर परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज करवाई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीआई अरविंद भारद्वाज ने तत्काल खोजबीन के निर्देश दिए। एएसआई हरिराम मीणा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने युवक को सुरक्षित बरामद कर लिया। युवक के सकुशल मिलने पर स्वर्णकार समाज ने पुलिस टीम का आभार जताया। वहीं युवक के पिता बजरंगलाल सहित परिजनों ने भी नोखा पुलिस के प्रयासों की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

नर्सरी में तैयार हुए 62 हजार पौधे, मानसून में हरियाली बढ़ाने के लिए शुरू हुआ वितरण

निसं

खेतड़ी (नवयत्न)। खेतड़ी उपखंड के जसरापुर स्थित वन पौधशाला में मानसून के दौरान क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बड़े पैमाने पर पौधे तैयार किए गए हैं। क्षेत्रीय वन अधिकारी पवन सिंह शेखावत के निर्देशन में इस वर्ष नर्सरी में कुल 62 हजार पौधे तैयार किए गए हैं, जिनका वितरण आमजन के लिए शुरू कर दिया गया है। नर्सरी प्रभारी ओमप्रकाश डाई एवं वनरक्षक जितेंद्र चौधरी ने बताया कि प्री-मानसून की शुरुआत के साथ ही पौधों का वितरण किया जा रहा है। किसान, आमजन, ग्राम पंचायतें, सरकारी विभाग तथा निजी संस्थाएं प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक नर्सरी से पौधे प्राप्त कर सकते हैं। नर्सरी में 2 से 5 फीट ऊंचाई तक के बेहतर गुणवत्ता वाले पौधे उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि नर्सरी में फलदार, फूलदार और छायादार प्रजातियों के पौधे तैयार किए गए हैं। फूलदार पौधों में गुलाब, चंपा, गुड़हल और अशोक शामिल हैं। वहीं फलदार पौधों में जामुन, अमरूद, शहतूत, पपीता, नींबू, आंवला, इमलीए बेल, अनार और लेसवा के पौधे उपलब्ध हैं। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण एवं छाया के लिए उपयोगी पौधों में नीम, खेजड़ी, चुरहेल, गुल्लर, बकान, मीठा नीम, अर्जुन, पापड़ी, अरडू, करंज, केसिया श्यामा, गुलमोहर, शीशम, सिरस, सहजना, कचनार, पीपल, बहेड़ा, सेमल, प्लेटोफार्मा और लेम्बा सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे तैयार किए गए हैं। वन विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष मानसून के दौरान बड़े स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम चलाया जाता है। इसी क्रम में इस बार भी पर्याप्त संख्या में पौधे तैयार किए गए हैं ताकि आमजन, सामाजिक संस्थाओं, विद्यालयों और सरकारी विभागों को आसानी से पौधे उपलब्ध कराए जा सकें। विभाग ने लोगों से अधिकाधिक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी निभाने की अपील की है।नर्सरी से पौधों की बिक्री एवं वितरण कार्य शुरू हो चुका है।

मुख्यमंत्री भजनलाल के प्रयास रंग लाए : शेखावाटी तक पहुंचेगा यमुना का पानी

निसं

जयपुर (नवयत्न)। भारतीय जनता पार्टी ने यमुना जल समझौते को राजस्थान के लिए ऐतिहासिक दिन बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त किया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि बत्तीस साल पहले शेखावाटी के लोगों के लिए देखा गया तत्कालीन मुख्यमंत्री स्वर्गीय भैरोसिंह शेखावत का सपना मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूरा किया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान को यमुना जल का 1917 क्यूसेक औसत प्रवाह, 577 एमसीएम का निर्धारित हिस्सा हरियाणा के हथिनीकुण्ड बैराज से चूरू जिले के हासियावास जलाशय तक 295.5 कि.मी भूमिगत पाईपलाइन से पहुंचेगा। इस 34 हजार 102 करोड़ रूपये की परियोजना से सीकर, चूरू व झुंझुनू के लगभग 75 लाख आमजन लाभान्वित होंगे। उन्होंने बताया कि राजस्थान के लिए इस महत्ती उपलब्धि अर्जित कर मंगलवार प्रात: 9 बजे जयपुर आ रहे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का एयरपोर्ट पर शेखावाटी के जन समुदाय एवं भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से अभिनंदन किया जाएगा। उन्होंने इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को भी मुख्यमंत्री के अभिनंदन के लिए आमंत्रित किया है।

भाजपा वरिष्ठ नेता राठौड़ ने कहा कि कुछ दिन पहले पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा था कि यमुना जल पर कोई समझौता हो गया तो वह मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का अभिनंदन करेंगे और आज वह समय आ गया है, जब केन्द्रीय गृहमंत्री की अध्यक्षता एवं केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री की उपस्थिति में राजस्थान और हरियाणा के मध्य एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर हुए है।

उन्होंने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि वो अपने घोषणा पत्र में यमुना का पानी लेने के लिए बाते करते थे और सरकार बनने के बाद मौन साध लेते थे, उन्होने कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि हरियाणा के चुनाव में राजस्थान को पानी नहीं देने की बात की जाती है और राजस्थान के कांग्रेस नेता वहां चुनाव प्रचार करने जाते रहे है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता एमओयू और एमओए में अंतर नही कर पा रहे है कि उन्हें यह समझना होगा कि यह एमओयू नहीं यह एमओए है। उन्होंने कहा कि 1994 में भैरोसिंह शेखावत ने शेखावाटी की उस भूमि की सबसे बडी मांग को पूरा करने का सपना देखा था, यह सपना एक धरती पुत्र था जिसे किसान पुत्र मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूरा किया हैए पिछले ढाई साल में प्राण-प्रण से जुटे मुख्यमंत्री के ही प्रयास है कि आज शेखावाटी के 75 लाख लोग राहत महसूस कर रहे है। उन्होंने कहा कि पिछले ढाई साल में हरियाणा और राजस्थान के पहले एमओयू और उसके बाद डीपीआर के लिए जो सहमति बनी थी, उसके बाद अब तक 8 बैठके हो चुकी है। फरवरी माह में हरियाणा द्वारा पाइप लाइन अलाईन्समेंट की स्वीकृति हो गई और हमने बजट में भी इसके लिए समुचित प्रावधान किए है, इस परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना करवाने के लिए राज्य सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। परियोजना के लिए आवश्यक भूमि अधिग्रहण एवं टेंडर प्रक्रिया भी शीघ्र शुरू की जाएगी। सीकर के पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने कहा कि अपने सांसद कार्यकाल में उन्होंने सदन में इस मामले को उठाया था पर राज्य की तत्कालीन कांग्रेस सरकार की मंशा नहीं होने और समुचित प्रयास नहीं करने के कारण अपेक्षित सफलता नहीं मिली, परंतु मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निरंतर प्रयासों से हमे सफलता मिली है, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शेखावाटी के लोगों के लिए भागीरथ बनकर आए है।

मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान

निसं

जयपुर (नवयत्न)। गिरधारीपुरा में समस्त गिरधारीपुरा विकास समिति के तत्वावधान में शैक्षणिक प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में क्षेत्र के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की गई तथा शिक्षा के माध्यम से समाज के विकास का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता और आत्मनिर्भरता का सबसे सशक्त माध्यम है तथा विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत और अनुशासन के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ना चाहिए। विशिष्ट अतिथियों के रूप में स्थानीय पार्षद राधेश्याम बोहरा तथा करनी विहार मंडल अध्यक्ष कालूराम शर्मा भी मौजूद रहे।

उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रतिभाओं को सम्मानित करने से अन्य बच्चों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरणा मिलती है। समारोह का आयोजन समस्त गिरधारीपुरा विकास समिति द्वारा समिति अध्यक्ष तेज प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, अभिभावकों एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। वक्ताओं ने शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने, प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने तथा समाज में सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण तैयार करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर रणवीर सिंह, प्रभु बैरवा, प्रवीण झा, इंद्राज जानू, नीरज, शिवकरण, सुरेश, रघुवीर, हेमराज, ब्रजेश, गोपाल, विशाल, लक्ष्मी विश्नोई, आशा कुशवाह सहित विकास समिति के पदाधिकारी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। समारोह का समापन विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाओं के साथ हुआ।

इसरो में साइंटिस्ट बने महनसर के दीपांशु सोनी

निसं

बुगाला (नवयत्न)। झुंझुनू जिले के लिए गौरव की बात है कि जिले के महनसर गांव निवासी व चुरू प्रवासी के दीपांशु सोनी का चयन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो में वैज्ञानिक के पद पर हुआ है। यह कल 1 जुलाई को अहमदाबाद स्थित स्पेस एप्लीकेशन सेंटर में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन साइंटिस्ट/इंजीनियर के रूप में कार्यभार ग्रहण करेंगे। दीपांशु पूर्व प्राचार्य महेश कुमार सोनी के पुत्र हैं। वर्तमान में वे जयपुर में रहकर अपनी तैयारी कर रहे थे। प्लेसमेंट के माध्यम से राजस्थान से चयनित दो युवाओं में यह भी शामिल हैं। इन्होंने आईआईएसटी तिरुवनंतपुरम से इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की है। दादा पूर्णमल सोनी ने बताया कि नवंबर 2025 में कैंपस प्लेसमेंट के जरिए उनका चयन हुआ था। इसके बाद इसरो की 13 सदस्यीय समिति ने साक्षात्कार लिया, जिसमें सफल होने के बाद उनका अंतिम चयन हुआ। दीपांशु को निजी आईटी कंपनियों से भी नौकरी के प्रस्ताव भी मिले थे, लेकिन अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में कार्य करना उनका सपना था। उन्होंने कहा कि चंद्रयान और मंगलयान जैसे मिशनों से प्रेरित होकर उन्होंने इसरो को चुना। युवाओं को संदेश देते हुए दीपांशु ने कहा कि सफलता की राह में कई बार नकारात्मक विचार आते हैं, लेकिन उन पर काबू पाकर लगातार आगे बढ़ते रहना चाहिए। मेहनत, धैर्य और आत्मविश्वास से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। इस उपलब्धि पर स्वर्णकार समाज ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

सड़क किनारे खराब खड़ी बस को पीछे से आ रहे ट्रेलर ने मारी टक्कर

हादसे में तीन श्रद्धालुओं की मौत, छह घायल

निसं

जयपुर (नवयत्न)। जयपुर ग्रामीण जिले के मौखमपुरा थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह जयपुर-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुए भीषण सड़क हादसे में तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि छह अन्य घायल हो गए। जानकारी के अनुसार यह हादसा उस समय हुआ जब सड़क किनारे खराब खड़ी बस को पीछे से आ रहे एक ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग सहायता के लिए दौड़ पड़े। जहां मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय राहगीरों की मदद से बस में फंसे घायलों को बाहर निकाला और तुरंत इलाज के लिए भिजवाया। मृतकों के शवों को उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया गया है और उनके परिजनों को इस दुखद घटना की सूचना दे दी गई है। मौखमपुरा थानाधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि बस में सवार सभी लोग जयपुर के विभिन्न क्षेत्रों के निवासी थे और सांवरिया सेठ के दर्शन कर चित्तौड़गढ़ से जयपुर लौट रहे थे। वहीं रास्ते में मौखमपुरा के पास बस का एक्सल टूट जाने से चालक ने वाहन को राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे खड़ा कर उसकी मरम्मत शुरू कर दी। इसी दौरान पीछे से तेज गति से आए एक ट्रेलर ने बस को टक्कर मार दी। इस हादसे में घाट की गूणी निवासी मधुराज 30 और चांदपोल निवासी राहुल हरिजन 29 की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कानोता के राजपूतों का मोहल्ला निवासी भंवर सिंह राजावत ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। इसके अलावा इस हादसे में हीदा की मोरी निवासी कांता 51, रोहन 21, वर्षा 16 और कार्तिक 8, पुरानी बस्ती निवासी रेखा 43 तथा बलोदा का रास्ता निवासी चंचल आदिवाल 13 घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों के अनुसार उनकी हालत फिलहाल स्थिर बनी हुई है। वहां से एक यात्री की हालत अत्यंत नाजुक होने के कारण उसे प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। मृतकों के शवों को बगरू उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे गए। इधर हाईवे पर हुए इस भीषण हादसे के बाद मौके पर भारी जाम और अफरा-तफरी की स्थिति बन गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत जाब्ते के साथ घटनास्थल पर पहुंची। दुर्घटना का कारण बने तेज रफ्तार ट्रक को अपने कब्जे में लेकर जब्त कर लिया है और फरार ट्रक चालक की तलाश में जांच शुरू कर दी है।

भारत तिवारी प्रकरण में विप्र फाउंडेशन ने प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

संजय सोनी

झुंझुनू (नवयत्न)। विप्र फाउंडेशन, जिला इकाई झुंझुनू की ओर से बिहार के भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी ग्राम निवासी भारत तिवारी की कथित पुलिस मुठभेड़ एनकाउंटर में हुई मृत्यु के प्रकरण को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम जिला कलक्टर अरुण गर्ग को ज्ञापन सौंपा गया। विप्र फाउंडेशन के जिला संयोजक उमाशंकर महमिया ने बताया कि जिला संरक्षक राजेंद्र जोशी एवं एडवोकेट महेश शर्मा के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में पूरे प्रकरण की निष्पक्ष, पारदर्शी, उच्चस्तरीय एवं समयबद्ध जांच कराने की मांग की गई, ताकि सत्य सामने आ सके और पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। ज्ञापन में कहा गया कि किसी भी व्यक्ति को दोषी ठहराना एवं दंडित करना न्यायालय का अधिकार है, पुलिस का नहीं। यदि जांच में किसी व्यक्ति, अधिकारी अथवा अन्य संबंधित पक्ष की भूमिका, लापरवाही या दोष सिद्ध होता है, तो उसके विरुद्ध कानून के अनुरूप कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाए। साथ ही पीड़ित परिवार को सम्मानजनक आर्थिक मुआवजा तथा परिवार के एक योग्य सदस्य को नियमानुसार सरकारी नौकरी प्रदान कर उसके भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। विप्र फाउंडेशन ने मांग की कि पूरे प्रकरण का समयबद्ध निस्तारण कर न्याय सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन का न्याय व्यवस्था पर विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो। इस अवसर पर जिला संगठन महामंत्री रामगोपाल महमिया, संरक्षक एडवोकेट सुशील जोशी, एडवोकेट अनुपम शर्मा, एडवोकेट कमल शर्मा, एडवोकेट रवि शुक्ला, जिला मंत्री रमेश चौमाल, रामगोपाल शर्मा बीएमएस, अमृत जोशी, राकेश सहल, पंडित हरिकिशन शुक्ला, अनूप पुरोहित, सुभाष जोशी, सुरेंद्र जोशी, राजदीप महर्षि, अमित पांडेय, चंद्रप्रकाश जोशी, ललित शर्मा, अमित स्वामी, योगेश शुक्ला, सूर्य प्रकाश शर्मा सहित विप्र फाउंडेशन के पदाधिकारी, सदस्य एवं समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

पालिका प्रशासन की लापरवाही से गैनाणी में फिर गिरा नंदी

एक घंटे की मशक्कत के बाद सुरक्षित निकाला

ललित दाधीच

राजलदेसर (नवयत्न)। नगर पालिका प्रशासन की कथित लापरवाही के चलते रविवार शाम एक बार फिर गैनाणी राजा कोठी में एक नंदी खुले गड्ढे गैनाणी में गिर गया। घटना की सूचना मिलते ही आजाद गौरक्षा दल के सदस्य मौके पर पहुंचे और करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद नंदी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। गौ रक्षा दल के कन्हैया सैन का कहना है कि गैनाणी लंबे समय से खुली पड़ी है और इसके कारण पहले भी कई बार गौवंश इसमें गिर चुके हैं। बावजूद इसके नगर पालिका प्रशासन ने अब तक इसे सुरक्षित करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। बार-बार तारबंदी करती है लेकिन फिर हटा देती है जिसके चलते आए दिन गौवंश को बचाने के लिए उन्हें अपनी जान जोखिम में डालकर रेस्क्यू करना पड़ता है। नगर पालिका में जेसीबी के लिए फोन लगाया तो कहा गया कि आज छुट्टी है इसलिए जेसीबी नहीं आ सकती। घटना के बाद स्थानीय लोगों एवं गौरक्षा दल के सदस्यों ने नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ रोष व्यक्त करते हुए गैनाणी को तत्काल तारबंदी या सुरक्षा व्यवस्था करने की मांग की। उनका कहना है कि यदि जल्द ही आवश्यक कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में किसी बड़े हादसे की जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन की होगी। इस अवसर पर गोपाल सेन, विकास भार्गव, किशन सोनी सहित दर्जनों व्यक्ति मौजूद रहे।

दो ट्रेलरों की भिड़ंत के बाद लगी आग, चालक जिंदा जला

निसं

बीकानेर (नवयत्न)। बीकानेर-जामसर राष्ट्रीय राजमार्ग पर दो ट्रेलरों की भीषण भिड़ंत के बाद आग लगने से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दोनों ट्रेलरों के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और देखते ही देखते दोनों वाहन आग की लपटों में घिर गए। सोमवार की सुबह मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग पर जामसर के पास ट्रेलर संख्या एचआर 58 डी 2982 और ट्रेलर संख्या आरजे 07 जीडी 7698 की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों ट्रेलरों में आग लग गई। हादसे में एच आर 58 डी 2982 में सवार संदीप जयंत पुत्र नरेश जयंत उम्र 36 वर्ष निवासी चौरा, थाना नानोता देहात, जि सहारनपुर, उत्तर प्रदेश की जिन्दा जल गया। झुलसने से म पर ही मौत हो गई। वहीं दोनों ट्रेलरों के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान मोहम्मद इफहीम पुत्र मोहम्मद इब्राहिम उम्र 40 वर्ष निवासी बिलोचियान, थाना गढ़ी पुख्ता रूरल, जिला शामली, उत्तर प्रदेश तथा दिनेश विश्नोई पुत्र सहीराम विश्नोई उम्र 33 वर्ष निवासी जेडी मगरा, थाना पांचू, जिला बीकानेर के रूप में हुई है। दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की सूचना मिलते ही जामसर थानाधिकारी रविंद्र कुमार पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। उनके साथ एएसआई रामकेश मीणाए हेडकांस्टेबल मान सिंह सहित पुलिस टीम ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया तथा घटनास्थल का मौका-मुआयना कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। हादसे के कारण कुछ समय के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात भी प्रभावित रहा। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात को सुचारू कराया। फिलहाल दुर्घटना के कारणों की जांच जारी है।

पवन बंसल अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय सह-प्रवक्ता मनोनीत

निसं

तारानगर (नवयत्न)। तारानगर निवासी पवन बंसल केजड़ीवाल अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय सह-प्रवक्ता मनोनीत किये गए है। राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल मित्तल एवं राष्ट्रीय महामंत्री गोपाल गोयल ने उनकी नियुक्ति की है। पवन बंसल केजड़ीवाल ने अपनी नियुक्ति पर बसंत मित्तल, गोपाल गोयल, नथु राम गोयल, मनोज जिंदल, दीपक जाजोदिया एवं समस्त अग्रवाल समाज का का आभार व्यक्त किया है एवं अग्रसेन जीए अग्रोहा एवं अग्रवाल समाज के सिद्धांतो एवं विचारों को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। केजड़ीवाल की नियुक्ति पर राष्ट्रीय, प्रदेश एवं स्थानीय पदाधिकारियों एवं समाज के बन्धुओं ने बधाई प्रेषित की है।

जगतपुरा में टरबन ग्रुप का नया कमर्शियल हब, निवेश और व्यापार के लिए बनेगा लैंडमार्क

निसं

जयपुर (नवयत्न)। राजधानी जयपुर के तेजी से उभरते और प्रमुख कमर्शियल क्षेत्र जगतपुरा में एक नया अत्याधुनिक व्यावसायिक प्रोजेक्ट आकार ले रहा है। रियल एस्टेट क्षेत्र में अपनी मजबूत पहचान बना चुके प्रतिष्ठित टरबन ग्रुप ने यहाँ अपने पहले कमर्शियल प्रोजेक्ट की शुरुआत की है।

महल रोड की प्राइम लोकेशन पर विकसित यह परियोजना न केवल व्यापारिक गतिविधियों का नया केंद्र बनने की क्षमता रखती है, बल्कि निवेशकों के लिए भी एक आकर्षक अवसर के रूप में देखी जा रही है। यह महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट जगतपुरा के महल रोड पर स्थित 160-80 फीट की कॉर्नर प्रॉपर्टी पर विकसित किया जा रहा है। 200 फीट चौड़ी मुख्य सड़क से सीधा जुड़ाव इसे रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण बनाता है। महल रोड तेजी से जयपुर के प्रमुख व्यावसायिक कॉरिडोर के रूप में उभर रहा है, ऐसे में इस लोकेशन पर स्थित यह परियोजना बेहतर विजिबिलिटी और आसान एक्सेस के कारण व्यापारियों और ब्रांड्स के लिए आकर्षण का केंद्र मानी जा रही है। प्रोजेक्ट के निदेशक मिथलेश गुप्ता के अनुसार इस बहुमंजिला भवन को आधुनिक व्यावसायिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। परियोजना में विभिन्न फ्लोर पर अलग.अलग उपयोग की योजना रखी गई है।

इस परियोजना की सबसे खास विशेषता इसकी कम्युनिटी-ओरिएंटेड डिजाइन है। सामान्य कमर्शियल इमारतों से अलग, इसमें प्रत्येक फ्लोर पर कैफे-स्टाइल सिटिंग एरिया विकसित किया जा रहा है। यह व्यवस्था प्रोफेशनल्स को कार्य के बीच एक आरामदायक और सामाजिक वातावरण उपलब्ध कराएगी। टरबन ग्रुप की प्रीति शर्मा के अनुसार इस प्रोजेक्ट में लोअर ग्राउंड और कियोस्क क्षेत्र को विशेष निवेश मॉडल के तहत विकसित किया जा रहा है। वर्तमान में जगतपुरा में कमर्शियल संपत्तियों की कीमतें लगभग 30, 000 रुपये प्रति वर्ग फीट तक पहुंच चुकी हैं, जबकि कंपनी इस प्रोजेक्ट को लॉन्चिंग ऑफर के तहत अपेक्षाकृत कम दरों पर उपलब्ध करा रही है। कंपनी ने इस परियोजना को तीन वर्षों के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा है। डेवलपर्स का मानना है कि रणनीतिक लोकेशन और आधुनिक डिजाइन के चलते यह प्रोजेक्ट भविष्य में न केवल मजबूत रेंटल रिटर्न देगा, बल्कि निवेशकों को दीर्घकालिक पूंजी वृद्धि का भी लाभ प्रदान करेगा।

सात दिवसीय समर कैंप में बच्चों और महिलाओं को मिला हुनर का मंच

निसं

जयपुर (नवयत्न)। नृत्यम् फाउंडेशन की ओर से आयोजित सात दिवसीय समर कैंप का समापन समारोह सोडाला स्थित एलाइन योगा स्टूडियो में उत्साह और गरिमामय वातावरण के बीच आयोजित किया गया। इस समारोह में शिविर में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, वहीं विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षण देने वाले प्रशिक्षकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। नृत्यम् फाउंडेशन की निदेशक काजल सैनी ने बताया कि इस समारोह के मुख्य अतिथि प्रवासी संघ के प्रदेश अध्यक्ष भीमसिंह कासनिया ने बच्चों एवं महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर प्रतिभागियों के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास और रचनात्मक प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने नृत्यम् फाउंडेशन के इस प्रयास की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में संस्था के सचिव सत्यनारायण माली, कोषाध्यक्ष रेणु सैनी तथा अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समापन समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रशिक्षकों एवं विशेषज्ञों को भी सम्मानित किया गया। नेशनल ब्यूटी एसोसिएशन के अध्यक्ष नवरत्न सैनी, प्रोफेशनल मेकअप आर्टिस्ट शैफाली गुप्ता एवं अक्षरा शर्मा को ब्यूटीशियन प्रशिक्षण के लिए, रेणु सैनी को डांस प्रशिक्षण, मीनाक्षी जायसवाल को योग प्रशिक्षण तथा टाइगर मार्शल एकेडमी को मार्शल आर्ट्स प्रशिक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं समारोह के अंत में प्रतिभागियों ने शिविर के दौरान प्राप्त अनुभव साझा किए और नृत्यम् फाउंडेशन के इस प्रयास की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम का समापन सभी अतिथियों, प्रशिक्षकों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करने के साथ हुआ।

सम्पादकीय

घुसपैठियों की पहचान

गृह मंत्री अमित शाह ने घुसपैठियों की पहचान करने और उन्हें वापस भेजने के लिए एक अभियान शुरू करने की दिशा में सभी राज्यों के पुलिस महानिदेशकों और केंद्रीय एजेंसियों के प्रमुखों की जो बैठक बुलाई, उससे यही पता चलता है कि वे इस अभियान को लेकर संकल्पबद्ध हैं। वास्तव में ऐसे किसी अभियान की गहन आवश्यकता है। ऐसा कोई अभियान तभी सफल होगा जब उसे पूरे देश में एक साथ शुरू किया जाएगा। यह अच्छी बात है कि पहली बार ऐसा होने जा रहा है।

अभी तक अलग-अलग राज्यों की पुलिस की ओर से अपने-अपने स्तर पर घुसपैठियों के खिलाफ अभियान छेड़ा जाता था। ऐसे किसी अभियान के दौरान उनकी पहचान और पकड़ भी होती थी, लेकिन घुसपैठिए ऐसा कोई अभियान शुरू होते ही पड़ोसी राज्यों में चले जाते थे। इन स्थितियों में यह आवश्यक है कि पूरे देश में घुसपैठियों के खिलाफ एक साथ अभियान चलाया जाए।

देश में घुसपैठियों और विशेष रूप से बांग्लादेशी घुसपैठियों की संख्या कितनी होगी, इसका ठीक-ठीक अनुमान लगाना कठिन है, लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं कि उनकी अच्छी-खासी संख्या है। बांग्लादेशी घुसपैठिए एवं रोहिंग्या देश के लगभग सभी हिस्सों में दिखाई देते हैं। कई शहरों में तो वे लंबे समय से रह रहे हैं और उन्होंने छल-छद्म से तरह-तरह के पहचान पत्र भी हासिल कर लिए हैं। पूर्वोत्तर और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में तो वे मतदाता भी बन गए हैं और सरकारी योजनाओं का लाभ भी उठा रहे हैं।

घुसपैठ की समस्या पुरानी है, लेकिन अभी तक किसी भी केंद्रीय सत्ता ने इससे निपटने के लिए कोई ठोस उपाय नहीं किए। इसका परिणाम यह हुआ कि घुसपैठ लगातार जारी है। यह मानने के अच्छे भले कारण हैं कि घुसपैठियों को अवैध तरीके से देश में लाने और उन्हें पहचान पत्र देकर देश के विभिन्न हिस्सों में पहुंचाने-बसाने वाले गिरोह सक्रिय हैं। इन स्थितियों में घुसपैठियों की पहचान करने और उन्हें पकड़कर वापस भेजने के लिए एक सुनियोजित रणनीति बनानी होगी।

इस रणनीति में सभी राज्य सरकारों को सक्रिय रूप से सहयोग देना होगा। घुसपैठियों के खिलाफ सख्ती इसलिए आवश्यक है, क्योंकि वे केवल देश के संसाधनों पर ही बोझ नहीं बन रहे हैं, बल्कि देश के अनेक सीमावर्ती क्षेत्रों में सामाजिक ताने-बाने को भी बदल रहे हैं। कई जगह तो उनकी गतिविधियां राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने का काम कर रही हैं। आवश्यक केवल यह नहीं है कि घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें वापस भेजा जाए, बल्कि यह भी है कि सीमाओं पर ऐसी व्यवस्था की जाए, जिससे भविष्य में देश के किसी भी हिस्से में घुसपैठ न हो सके। इसके लिए सीमाओं को अभेद्य बनाने का जो कार्य जारी है, उसे और ठोस रूप प्रदान करना होगा।

विशेष आलेख

चीन देखता रह गया, हिंद महासागर में भारत ने बना ली मजबूत घेराबंदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सेशेल्स यात्रा ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत हिंद महासागर क्षेत्र में केवल एक सहभागी शक्ति नहीं, बल्कि स्थिरता, सुरक्षा और विकास का सबसे भरोसेमंद केंद्र बन चुका है। सेशेल्स की स्वतंत्रता की पचासवीं वर्षगांठ और दोनों देशों के राजनयिक संबंधों के पचास वर्ष पूरे होने के अवसर पर हुई यह यात्रा सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण रही।

प्रधानमंत्री मोदी ने सेशेल्स की संसद को संबोधित करते हुए जिस प्रकार हिंद महासागर को अवसरों का महासागर बनाने की बात कही, वह भारत की दूरदर्शी समुद्री नीति का स्पष्ट संकेत है। भारत ने यह संदेश दिया कि हिंद महासागर केवल समुद्री व्यापार का मार्ग नहीं, बल्कि सामरिक संतुलन, आर्थिक समृद्धि और वैश्विक शक्ति संरचना का केंद्र बनने जा रहा है। इस पूरे घटनाक्रम में मोदी सरकार की विदेश नीति का आत्मविश्वास और परिपक्वता साफ दिखाई दी। सेशेल्स को भारत ने जिस सम्मान और साझेदारी का भरोसा दिया, उसने यह साबित किया कि नई दिल्ली छोटे देशों को भी बराबरी और सम्मान के साथ साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है।

इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच नौ महत्वपूर्ण समझौते हुए। इनमें प्रत्यर्पण संधि सबसे अधिक सामरिक महत्व रखती है। हिंद महासागर क्षेत्र लंबे समय से समुद्री डकैती, मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध मछली पकड़ने और अंतरराष्ट्रीय अपराधों की चुनौती से जूझता रहा है। ऐसे में प्रत्यर्पण समझौता और समुद्री सुरक्षा सहयोग भारत की सुरक्षा नीति को मजबूत करने वाला कदम है। इससे भारत को पश्चिमी हिंद महासागर में अपनी रणनीतिक उपस्थिति और निगरानी क्षमता बढ़ाने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट कहा कि भारत और सेशेल्स की सुरक्षा एक दूसरे से जुड़ी हुई है। यही कारण है कि भारत ने सेशेल्स को तेज गश्ती पोत, नौकाएं, एंबुलेंस और अन्य उपयोगी वाहन भेंट किए। भारतीय नौसेना के युद्धपोत और सर्वेक्षण पोत का सेशेल्स पहुंचना हिंद महासागर में भारत की बढ़ती समुद्री शक्ति का प्रदर्शन भी था। साथ ही भारत ने सेशेल्स के लिए एक सौ पचहत्तर मिलियन डॉलर के विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा कर यह भी दिखाया कि उसकी विदेश नीति केवल रणनीतिक हितों तक सीमित नहीं है, बल्कि विकास आधारित साझेदारी पर आधारित है। सामाजिक आवास, शिक्षा, परिवहन, खाद्य सुरक्षा, कौशल विकास और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में भारत का सहयोग यह दर्शाता है कि नई दिल्ली अपने साझेदार देशों के विकास को अपनी प्राथमिकता मानती है। मोदी सरकार की यही नीति भारत को अन्य वैश्विक शक्तियों से अलग पहचान देती है। इस यात्रा का एक अत्यंत महत्वपूर्ण पक्ष डिजिटल और आर्थिक सहयोग भी रहा। भारत और सेशेल्स के बीच स्थानीय मुद्रा में व्यापार, प्रत्यक्ष नौवहन संपर्क और डिजिटल भुगतान व्यवस्था को लेकर हुए समझौते भविष्य की आर्थिक संरचना को बदलने वाले कदम हैं। भारत की डिजिटल सार्वजनिक संरचना को सेशेल्स में लागू करने की पहल यह साबित करती है कि भारत अब तकनीकी समाधान देने वाली वैश्विक शक्ति के रूप में उभर चुका है। यह मोदी सरकार की उस नीति

का परिणाम है जिसमें तकनीक को जनकल्याण और वैश्विक साझेदारी का आधार बनाया गया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में जलवायु परिवर्तन और छोटे द्वीपीय देशों की चुनौतियों को जिस मजबूती से उठाया, वह भी भारत की वैश्विक नेतृत्व क्षमता को दर्शाता है। उन्होंने साफ कहा कि जिन देशों ने जलवायु संकट पैदा नहीं किया, उन्हें उसका सबसे बड़ा बोझ नहीं उठाना चाहिए। यह बयान विकसित देशों की दोहरी नीतियों पर सीधा प्रहार भी था। भारत ने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन, आपदा रोधी आधारभूत ढांचा गठबंधन और हरित ऊर्जा अभियानों के माध्यम से पहले ही विश्व मंच पर अपनी अलग पहचान बना ली है। सेशेल्स द्वारा भारत की पहल में शामिल होना इस बात का प्रमाण है कि विकासशील देशों के बीच भारत की स्वीकार्यता लगातार बढ़ रही है।

साथ ही प्रधानमंत्री मोदी को सेशेल्स द्वारा दिया गया ब्लू होराइजन के संरक्षक सम्मान केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा का प्रतीक है। यह सम्मान पहली बार किसी नेता को दिया गया और इससे यह संदेश गया कि हिंद महासागर क्षेत्र भारत को एक जिम्मेदार और भरोसेमंद शक्ति के रूप में देखता है। पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास और समुद्री संसाधनों के संतुलित उपयोग को लेकर भारत की प्रतिबद्धता ने छोटे द्वीपीय देशों में विश्वास पैदा किया है। सामरिक दृष्टि से देखें तो यह यात्रा चीन की बढ़ती समुद्री सक्रियता के बीच भारत की मजबूत जवाबी रणनीति का हिस्सा भी है। हिंद महासागर क्षेत्र में चीन लगातार बंदरगाह, आधारभूत ढांचे और कर्ज आधारित परियोजनाओं के जरिए प्रभाव बढ़ाने में लगा है। इसके मुकाबले भारत ने सहयोग, विश्वास और साझा विकास का मॉडल प्रस्तुत किया है। यही कारण है कि सेशेल्स जैसे देश भारत को केवल क्षेत्रीय शक्ति नहीं, बल्कि दीर्घकालिक साझेदार मानते हैं। मोदी सरकार की विदेश नीति ने पिछले एक दशक में हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की स्थिति को अभूतपूर्व मजबूती दी है। साथ ही सेशेल्स की स्वतंत्रता की स्वर्ण जयंती पर भारतीय सेना और नौसेना की ऐतिहासिक भागीदारी ने इसे भारत की सामरिक शक्ति और क्षेत्रीय प्रभाव के प्रदर्शन में बदल दिया। असम रेजिमेंट के जवानों, भारतीय नौसेना के बैंड और युद्धपोतों की मौजूदगी ने यह स्पष्ट संकेत दिया कि हिंद महासागर क्षेत्र में भारत सुरक्षा का सबसे विश्वसनीय स्तंभ है। राजधानी विक्टोरिया में जब भारतीय सैनिकों ने कदमताल की और असम रेजिमेंट का प्रसिद्ध युद्धगान गूंजा, तब वह केवल सैन्य प्रदर्शन नहीं था, बल्कि भारत और सेशेल्स के बीच दशकों पुराने भरोसे और रक्षा सहयोग का जीवंत प्रतीक था। युद्धपोत आईएनएस तरकश और आईएनएस इक्षाक की उपस्थिति ने हिंद महासागर में भारत की समुद्री क्षमता और रणनीतिक पहुंच को और अधिक प्रभावशाली ढंग से स्थापित किया। यह संदेश भी साफ था कि मोदी सरकार हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की सैन्य और सामरिक उपस्थिति को नई ऊंचाई देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। बहरहाल, कुल मिलाकर देखें तो प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा स्पष्ट संकेत देती है कि आने वाले समय में हिंद महासागर की राजनीति और अर्थव्यवस्था में भारत की भूमिका निर्णायक होने जा रही है।

आज का राशिफल

मेष
मेहनत सफल रहेगी। कार्य की प्रशंसा होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। ऐश्वर्य के साधन मिलेंगे। विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। व्यापार अच्छा चलेगा।

वृष
कार्य निर्णय बहुत शांति से विचार करके करना ही शुभ है। दौड़धूप अधिक रहेगी। बुरी खबर मिल सकती है। वाणी पर नियंत्रण रखें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं।

मिथुन
समाज में आपके कार्यों की आलोचना होगी। राजकीय सहयोग मिलेगा एवं इस क्षेत्र के व्यक्तियों से संबंध बढ़ेंगे। वाणी पर संयम रखें। पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी।

कर्क
उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। स्वाभिमान बना रहेगा। नौकरी में मनचाही पदोन्नति मिलने के योग बनेंगे। स्वास्थ्य की ओर ध्यान दें। रुका धन मिलेगा। व्यापार में नए अनुबंध होंगे।

सिंह
अजनबियों पर विश्वास न करें। यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। धर्म के कार्यों में रुचि आपके मनोबल को ऊंचा करेगी।

कन्या
आर्थिक स्थिति में सुधार की संभावना है। व्ययों में कमी करना चाहिए। फालतू खर्च होगा। शारीरिक कष्ट संभव है। दूसरों पर अतिविश्वास न करें। वस्तुएं संभालकर रखें।

तुला
आपकी मिलनसारिता व धैर्यवान प्रवृत्ति आपके जीवन में आनंद का संचार करेगी। स्थायी संपत्ति में वृद्धि होगी। व्यापार अच्छा चलेगा। डूबी हुई रकम प्राप्त होगी।

वृश्चिक
व्यवसाय ठीक चलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। सार्वजनिक कार्यों में समय व्यतीत होगा। संतान की ओर से शुभ समाचार मिलेंगे।

धनु
स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। रोजगार के क्षेत्र में उन्नति होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। योजना फलीभूत होगी। उत्तम मनोबल आपकी सभी समस्याओं को हल कर देगा।

मकर
प्रतिष्ठित जनों से मेलजोल बढ़ेगा। व्यापार में नए प्रस्ताव मिलेंगे। राजकीय बाधा दूर होगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। प्रसन्नता रहेगी।

कुंभ
अपनी वस्तुएं संभालकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद। व्यवहारकुशलता से समस्या का समाधान हो सकेगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद को बढ़ावा न दें।

मीन
कुसंगति से हानि होगी। आय कम होगी। नए संबंध लाभदायी सिद्ध होंगे। व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता का विशेष योग है। व्यापारिक निर्णय जल्दबाजी में न लें।

स्वास्थ्य समाचार

सुबह नाश्ते में पिएं अनानास का जूस दिनभर रहेगी एनर्जी और मिलेंगे ये फायदे

अनानास का जूस शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। वहीं नाश्ते में इसे पीने से शरीर की कई बीमारियों दूर होती है। अनानास के जूस में प्रोटीन, फाइबर, विटामिन सी और फोलेट आदि पाए जाते हैं। इसको पीने से इम्यूनिटी मजबूत होने के साथ पाचन तंत्र को भी हेल्दी रहता है। कई लोग सुबह काफी लो एनर्जी महसूस करते है। उन्हें पाइनएप्पस का जूस नाश्ते में जरूर पीना चाहिए। ये जूस एनर्जी बूस्ट करने के साथ शरीर को हेल्दी भी रखता है। इस जूस को पीने से पूरा शरीर ठीक ढंग से कम करता है।

इम्यूनिटी बढ़ाएं

नाश्ते में अनानास का जूस पीने से इम्यूनिटी मजबूत होने के साथ मौसमी बीमारियों से भी शरीर का बचाव होता हैं। नाश्ते में इसे पीने से शरीर लंबे समय तक स्वस्थ रहता है। इसे नाश्ते में खाली पेट न पिएं। इसे साथ जरूर कुछ ठोस आहार खाएं।

सूजन को करे कम

नाश्ते में अनानास का जूस पीने से शरीर में सूजन की समस्या दूर होती है और शरीर हेल्दी रहता है। इसके सेवन से सर्जरी में होने वाले दर्द और सूजन से भी निजात मिलती है। ये शरीर को स्वस्थ रखता है और बी बीमारियों से शरीर का बचाव करता हैं।

पाचन तंत्र को मजबूत करे

सुबह नाश्ते में अनानास का जूस पीने से पाचन तंत्र मजबूत होता है। ये खाना पचाने में मदद करता है और गैस, एसिडिटी, अपच और कब्ज जैसी बीमारियों को भी दबर करता है। अनानास का जूस पीने से पेट अच्छे से साफ होता है और भूख भी खुलकर लगती है।

हार्ट को रखें हेल्दी

नाश्ते में अनानास का जूस पीने से हार्ट लंबे समय तक हेल्दी रहता है और हार्ट संबंधी बीमारियां होने का खतरा कम होता हैं। ये ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करता है और हार्ट को हेल्दी रखता है। अनानास का जूस पीने से हार्ट अटैक का खतरा कम होता है।

अस्थमा के लक्षणों को करे कम

नाश्ते में अनानास का जूस पीने से अस्थमा के लक्षण कम होते हैं और शरीर स्वस्थ होता है। इसमें पाए जाने वाले एंटी इंफ्लेमेटरी गुण और विटामिन-सी सर्दी-जुकाम और मौसमी बीमारियों से शरीर का बचाव करते हैं। इस जूस को पीने से शरीर लंबे समय तक हेल्दी रहता है।

रोज पिएं यह होममेड ड्रिंक्स, जल्दी होगा वेट गेन

आज के समय में जहां अधिकतर लोग मोटापे से परेशान हैं, वहीं कई लोग ऐसे भी हैं जो अपने दुबले शरीर से परेशान हैं। कई लोगों के साथ यह समस्या होती है कि वे चाहे कुछ भी खा लें, उनका वजन नहीं बढ़ता है। कई बार लोगों को दुबलेपन की वजन से शर्मिंदगी झेलनी पड़ती है। ऐसे में लोग वजन बढ़ाने के लिए घंटों जिम में बताते हैं।

वहीं, कई लोग तरह-तरह के पाउडर और सप्लीमेंट्स का सहारा लेते हैं। लेकिन आप चाहें तो हेल्दी डाइट की मदद से भी वजन बढ़ा सकते हैं।

अगर आप वेट गेन करना चाहते हैं, तो अपनी डाइट में कुछ होममेड ड्रिंक्स को शामिल कर सकते हैं। रोज इन ड्रिंक्स को पीने से आपका वजन बढ़ाने तेजी से बढ़ने लगेगा। साथ ही, आपका स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा।

बनाना शेक

वजन बढ़ाने के लिए केले का सेवन बहुत फायदेमंद माना जाता है। केले से शरीर को जरूरी पोषण और एनर्जी मिलती है। अगर आप वेट गेन करना चाहते हैं, तो बनाना शेक पिएं। रोज बनाना शेक पीने से कुछ ही दिनों में वजन बढ़ने लगेगा। इसके लिए 2 केले और एक गिलास दूध को मिक्सी में अच्छी तरह ब्लेंड कर लें। आप चाहें तो इसमें ड्राई फ्रूट्स भी डाल सकते हैं। इससे यह ड्रिंक और ज्यादा हेल्दी बन जाती है।

चॉकलेट मिल्क

चॉकलेट मिल्क स्वादिष्ट होने के साथ-साथ वजन बढ़ाने में भी लाभकारी है। इसमें प्रोटीन और कैल्शियम होता है, जिससे मांसपेशियां बनती हैं। चॉकलेट मिल्क पीने से शरीर को इंस्टेंट एनर्जी मिलती है। अगर आप नियमित रूप से चॉकलेट मिल्क का सेवन करेंगे, तो इससे कुछ ही दिनों में वजन बढ़ने लगेगा। चॉकलेट मिल्क बनाने के लिए एक गिलास दूध और डार्क चॉकलेट को मिक्सी में अच्छी तरह ब्लेंड कर लें। इस ड्रिंक को पीने से कुछ दिनों ही में आपको फर्क नजर आने लगेगा।

चीकू ड्रिंक

चीकू में कार्बोहाइड्रेट और शुगर काफी मात्रा में पाया जाता है। इसलिए, आप चाहें तो वजन बढ़ाने के लिए नियमित रूप से चीकू से बनी ड्रिंक पी सकते हैं। साथ ही, चीकू प्रोटीन और आयरन का भी अच्छा सोर्स है। चीकू ड्रिंक पीने से शारीरिक कमजोरी दूर होती है और आप हेल्दी रहते हैं। इसे बनाने के लिए सबसे पहले चीकू को छीलकर इसके बीज निकाल लें। अब इसे एक गिलास दूध के साथ अच्छी तरह ब्लेंड कर लें। आप चाहें तो इसका स्वाद बढ़ने के लिए कोकोनट शुगर भी मिला सकते हैं।

मैंगो शेक

मैंगो शेक ज्यादातर लोगों की पसंदीदा ड्रिंक है। वेट गेन करने के लिए मैंगो शेक का सेवन काफी फायदेमंद होता है। आम में भरपूर मात्रा में कार्बोहाइड्रेट, शुगर और प्रोटीन होता है। रोज एक गिलास मैंगो शेक पीने से आपका वजन जल्दी बढ़ सकता है। मैंगो शेक बनाने के लिए सबसे पहले आम को छीलकर उसका पल्प निकाल लें। अब मिक्सी में मैंगो पल्प और दूध डालकर ब्लेंड कर लें। आप चाहें तो इसे ड्राई फ्रूट्स से गार्निश कर सकते हैं। यह ड्रिंक स्वादिष्ट होने के साथ-साथ सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद है।

गर्दन और कमर के दर्द से राहत चाहिए तो रोजाना करें यह स्ट्रेच एक्सरसाइज

आजकल काम की भागदौड़ की वजह से ज्यादातर लोगों की लाइफस्टाइल अनहेल्दी हो गई है। जिसमे गलत खानपान के साथ ही रूटीन एक्सरसाइज और फिजिकल एक्टीविट की कमी हो गई है। जिसकी वजह से लोगों को कम उम्र में ही ज्वॉइंट्स पेन से जूझना पड़ रहा है। घंटों बैठकर काम करना और कम्प्यूटर पर वर्क सबसे ज्यादा बॉडी पर बुरा असर दिखा रहे हैं। इस तरह की दिनचर्या से हड्डियों खासतौर पर ज्वॉइंट्स पर असर पड़ता है। जिससे उनमे दर्द होने लगता है। जोड़ों के दर्द से बचना है तो फिजिकल एक्टीविटी जरूरी है। फिटनेस एक्सपर्ट का कहना है कि ज्वॉइंट्स को मजबूत और फ्लैक्सिबल बनाने के लिए स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज बेस्ट होती है। रोजाना बस दो मिनट शरीर के इन हिस्सों को स्ट्रेच करने से ज्वॉइंट्स पेन से बचने में मदद मिलती है।

नेक मूवमेंट

कम्प्यूटर पर देर तक बैठकर काम करने या मोबाइल ज्यादा चलाने वालों को ज्यादातर गर्दन में दर्द की शिकायत होती है। जिसे अनदेखा करने के पर वो सर्वाइकल पेन में बदल जाता है। ऐसे में रोजाना एक मिनट नेक मूवमेंट इस तरह की परेशानी से बचा सकता है। नेक स्ट्रेच एक्सरसाइज करने के लिए गर्दन को चारों ओर घुमाएं सबसे पहले गर्दन को ऊपर की ओर ले जाएं। फिर दाएं और बाएं सबसे आखिरी में नीचे की ओर देखें। इस तरह से तीन से चार बार रोजाना नेक मूवमेंट करें।

शोल्डर मूवमेंट

शरीर के ज्वाइंट्स में मूवमेंट उन्हें फ्लेक्सिबल बनाने में मदद करती है। हाथों की उंगलियों को कंधे पर रखें और शोल्डर को क्लॉक वाइज तीन से चार बार घुमाएं। फिर एंटी क्लॉकवाइज शोल्डर को घुमाएं। इससे कंधे के दर्द और कड़ेपन में आराम मिलता है।

एल्बो मूवमेंट

एल्बो मूवमेंट करने के लिए हाथों को दो से तीन बार बिल्कुल सीधा करें और मोड़े। ये सारे स्ट्रेच आसानी से एक जगह पर बैठकर किए जा सकते हैं। हाथों को कोहनी के पास से दो से तीन बार घुमाएं और बाजुओं को बिल्कुल सीधा कर हथेलियों को स्ट्रेच करें।



बैक मूवमेंट

पीठ दर्द और अकड़न से राहत पाने के लिए किसी मैट पर बैठ जाएं। फिर कमर से घूमते हुए पीछे की ओर देखने की कोशिश करें। इसी तरह से दोनों तरफ देखें। इसे करने से कमर दर्द और अकड़न से राहत मिलती है।

जयपुर रिसॉर्ट हादसा : निर्माणाधीन सीवरेज की दीवार ढही

दो महिलाओं सहित तीन मजदूरों की मौत



निसं

जयपुर (नवयत्न)। जयपुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-48 पर चंदवाजी थाना क्षेत्र के ताला मोड़ स्थित द पैलेस अरावली रिसॉर्ट में सोमवार दोपहर करीब 12:50 बजे निर्माणाधीन सीवरेज सेप्टिक टैंक की दीवार ढहने से बड़ा हादसा हो गया। हादसे में दो महिलाओं सहित तीन मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 12 से अधिक मजदूर घायल हो गए। घटना के बाद निर्माण स्थल पर अफरा-तफरी मच गई और ठेकेदार मौके से फरार हो गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा कर राहत कार्यों की समीक्षा की तथा पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए गए हैं।

मिट्टी धंसने और कंपन से ढही दीवार

जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि रिसॉर्ट परिसर में करीब 100 फीट लंबा, 30 फीट चौड़ा और 20 फीट गहरा सीवरेज गड्ढा बनाया गया था। यहां 24 से अधिक मजदूर नवनिर्मित दीवार के पास मिट्टी की भराई और मरम्मत कार्य में जुटे थे। जिला कलक्टर संदेश नायक के अनुसार, भराई के दौरान मिट्टी धंसने अथवा कंपन वाइब्रेशन के कारण दीवार अचानक भरभराकर गिर गई और भारी सीमेंट ब्लॉक व मिट्टी मजदूरों पर आ गिरी।

दो महिलाओं समेत तीन की मौत

हादसे में रिंकू 32 पत्नी मनदीप, सविता पत्नी मनोज कुमार तथा बिहार के गया निवासी रामजी मांझी 28 पुत्र रामप्रवेश की मौत हो गई। मृतकों के शव निम्स अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए गए हैं। मलबे के नीचे दबने से एक महिला का शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया, जिसे कपड़े की पोटली में बांधकर बाहर निकालना पड़ा।

भाई की मौतए पानी पीने गई बहन बची

बिहार निवासी मजदूर ममता ने बताया कि उसका भाई रामजी सीमेंट के ब्लॉक लेकर जा रहा था, तभी दीवार गिर गई। उसने बताया कि हादसे से कुछ क्षण पहले वह पानी पीने के लिए गड्ढे से बाहर आ गई थी, जिससे उसकी जान बच गई, जबकि उसका भाई मलबे में दब गया।

हाथों और सरियों से शुरू हुआ रेस्क्यू

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस, सिविल डिफेंस, एसडीआरएफ और प्रशासनिक टीमें मौके पर पहुंचीं। शुरुआती दौर में स्थानीय लोगों और बचाव दल ने हाथों तथा सरियों की मदद से पत्थर हटाकर मजदूरों को निकालने का प्रयास किया। बाद में जेसीबी और अन्य मशीनों की सहायता से मलबा हटाकर सभी दबे मजदूरों को बाहर निकाला गया। घायलों को तत्काल निम्स अस्पताल पहुंचाया गया, जहां तीन गंभीर घायलों का उपचार जारी है, जबकि अन्य को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

मंत्री और जनप्रतिनिधियों ने लिया जायजा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल और विधायक गोपाल शर्मा घटनास्थल पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों के साथ राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की तथा निम्स अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना। इस दौरान जमवारामगढ़ विधायक महेंद्र मीणा, आमेर विधायक प्रशांत शर्मा, जिला कलक्टर संदेश नायक सहित पुलिस एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। मंत्री ने प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया।

सुरक्षा मानकों की होगी जांच

जिला कलक्टर संदेश नायक ने बताया कि हादसे में प्रभावित अधिकांश मजदूर बिहार के रहने वाले हैं। प्रथम दृष्टया निर्माण स्थल पर मिट्टी धंसने और कंपन के कारण दीवार गिरने की आशंका है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन हुआ या नहींए इसकी गहन जांच की जाएगी। इसके लिए निर्माण स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जाएंगे। रिसॉर्ट के मालिक विजय अग्रवाल बताए गए हैं।

दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई

कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि यह अत्यंत दुखद घटना है। प्रारंभिक जांच में सेप्टिक टैंक निर्माण के दौरान लापरवाही की आशंका सामने आई है। पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफसख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि पुलिस ने मृतकों की शिनाख्त कर ली है तथा फरार ठेकेदार की तलाश शुरू कर दी गई है। निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही या सुरक्षा नियमों की अनदेखी हुई है या नहींए इसकी विस्तृत जांच की जा रही है।

अणुव्रत समिति की साधारण सभा सम्पन्न

अबूबकर बल्खी

लाडनूं (नवयत्न)। अणुव्रत समिति की साधारण सभा का आयोजन ऋषभद्वार पहली पट्टी लाडनूं में समिति अध्यक्ष शांतिलाल बैद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ सेवा केन्द्र व्यवस्थापिका साध्वी कीर्तिलता के मंगल पाठ एवं अणुव्रत गीत के साथ हुआ। समिति अध्यक्ष शांतिलाल बैद ने कहा कि अणुव्रत आंदोलन के नैतिक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संगठन की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी एवं व्यापक बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। समिति की मंत्री राज कोचर ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष विनोद बोकड़िया ने समिति का आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया, जिसे सदन ने सर्वसम्मति से स्वीकार किया। इस अवसर पर अणुव्रत प्रबोधन प्रतियोगिता के प्रमाण पत्र एवं पुरस्कारों का वितरण किया गया। प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन करते हुए अणुव्रत के सिद्धांतों एवं जीवन मूल्यों को आत्मसात करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का सफल संयोजन प्रचार-प्रसार मंत्री सपना जैन भंसाली ने किया। समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ वीरेंद्र भाटी ने अणुव्रत आंदोलन को रेखांकित करते हुए सभी उपस्थित सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

खेतों की पैमाईश में खामियों से अन्नदाता नाराज, धरना-प्रदर्शन, ज्ञापन

निसं

सुजानगढ़ (नवयत्न)। सुजानगढ़ क्षेत्र के खेतों की पैमाईश में की गई खामियों को दूर करने की मांग को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा की ओर से एसडीएम कार्यालय पर सांकेतिक धरना दिया गया। धरने के बाद सभी ने कॉमरेड रामनारायण रुलानिया, किसान सभा के अध्यक्ष तेजपाल गोदारा के नेतृत्व में एडीएम पर रैली के रूप में ज्ञापन देने के लिए पहुंचे। जहां पर एडीएम संतोष कुमार को कॉमरेड रामनारायण रूलाणिया ने बताया कि खेतों की पेमाईश गलत होने के बाद आपतियों को जिस प्रकार से बिना सुने खारिज किया गया, वह प्रजातंत्र में गलत और अन्यायपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अगर अधिकारी इस प्रकार से लोगों को बिना नोटिस मिले ही अपने फैसले करने लगे हैं, जबकि ग्रामीण स्तर पर सुनवाई के प्रावधान हैं। गांवों में जाकर अधिकारियों को आपत्तियां सुननी चाहिए थी और वहीं पर आपत्तियों का निस्तारण करना चाहिए। एडीएम संतोष कुमार से सभी किसानों को दुबारा नोटिस देकर तामिल करवाने और उसके बाद आपत्तियां लिए जाने की मांग की गई। जिस पर एडीएम ने समुचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। नूर मोहम्म्द खान पहाड़ियान ने दुलिया बास में जल भराव की समस्या रखी। सिराज खान कायमखानी ने कहा कि हनुमान धोरा में टंकी में पानी नहीं भरा जा रहा है, जो ठेकेदार का संरक्षण करने जैसा है। इसी प्रकार शहर में पेयजल किल्लत का समाधान करने, बारिश के पानी की निकासी के पर्याप्त प्रबंध करने, चोरियों की वारदातों को रोकने, नशे के कारोबार को रोकने, एफआरटी टीम के कार्मिकों की लिस्ट सार्वजनिक करने, वार्डों में चस्पा करने की मांगे भी की गई। जगह-जगह शहर में सिरवेज चैम्बर्स के ओवरफ्लो होने की समस्या को दुरूस्त करने, गनोड़ा रोड़ पर तोड़ी गई सड़क को तुरंत बनवाये जाने की मांगे भी की गई। ज्ञापन सौंपने के दौरान मुमताज काजी, सिराज खान, साबिर अली चौहान, हेमंत ढाका, भागीरथ जानू, राहुल बाबरिया, जेठाराम गुर्जर, दीनदयाल गुलेरिया, विक्रम रुलानिया, ओमप्रकाश डूडी, महबूब बडगुर्जर, सागर मेघवाल, लियाकत अली, नूर मोहम्मद खान, गंगाधर मूंड, जगदेव बेड़ा, बनवारीलाल बिजारणियां, सुशील माली, भगवानाराम बिजारणियां, भैराराम प्रजापत सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

राज्य स्तरीय शिक्षा विभूषण सम्मान से सम्मानित हुए भामाशाह गोयल

निसं

तारानगर (नवयत्न)। जयपुर के बिरला ऑडिटोरियम में आयोजित 30वें राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह-2026 में शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रख्यात समाजसेवी एवं भामाशाह ताराचंद गोयल को प्रतिष्ठित ष्शिक्षा विभूषण सम्मान से अलंकृत किया गया। तारानगर सीबीईओ बबलेश शर्मा ने बताया कि यह सम्मान राजस्थान के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर तथा शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों राजेश यादव आईएएस सीताराम जाट आईएएस रश्मि शर्मा आईएएस एवं महेंद्र खींची आईएएस द्वारा प्रदान किया गया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर भामाशाह ताराचंद गोयल के साथ उनकी धर्मपत्नी विम्मी गोयल, पुत्र अविनाश गोयल एवं पुत्रवधु गुंजन गोयल भी उपस्थित रहे। इस खुशी के मौके पर तारानगर के समस्त गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, शिक्षक वर्ग ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई प्रेषित की। भामाशाह गोयल ने शिक्षा के विकास, विद्यालयों में आधुनिक सुविधाओं के विस्तार तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर उल्लेखनीय योगदान दिया है। उनका यह सम्मान शिक्षा के प्रति उनकी निष्ठा, सेवा भावना एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान है। समारोह में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने भामाशाह गोयल के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें समाज एवं शिक्षा जगत के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। उनके इस सम्मान से संपूर्ण तारानगर क्षेत्र एवं शिक्षा जगत में हर्ष का वातावरण है।

राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह में 5 भामाशाह व 4 प्रेरकों का हुआ सम्मान

नवरतन वर्मा

रतनगढ़ (नवयत्न)। जयपुर के बि?ला ऑडिटोरियम में आयोजित 30वें राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह में जिले के सरकारी विद्यालयों के सुदृड़िकरण हेतु श्री गांधी बाल निकेतन द्वारा संचालित इंटरेक्टिव बोर्ड प्रोजेक्ट के भामाशाहों व प्रेरकों के सम्मान के क्रम में 39.20 लाख रूपये का सहयोग प्रदान करने पर प्रदीप कुमार सराफकी प्रतिनिधि मीनाक्षी उपाध्याय, 31.50 लाख रूपये का सहयोग प्रदान करने पर मंजू सराफ व नमन सराफ की प्रतिनिधि मृणालिनी उपाध्याय, 51.20 लाख रूपये के सहयोग हेतु प्रेरित करने पर राजीव उपाध्याय के प्रतिनिधि नितेश कुमार शर्मा तथा 51 लाख रूपये के सहयोग हेतु प्रेरित करने पर सा? 17 वर्ष की आयु में सम्मानित होने वाली जिया उपाध्याय की प्रतिनिधि सिद्धि उपाध्याय को माननीय उपमुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा, शिक्षामंत्री मदन दिलावर द्वारा सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्ति शहर के पंडितपुर विद्यालय में 51.40 लाख रूपये का सहयोग प्रदान करने पर छतर सिंह हीरावत की प्रतिनिधि मंजू हीरावत तथा उन्हें प्रेरित करने हेतु सौरभ हीरावत कोए 46.93 लाख का सहयोग प्रदान करने पर राजीव बैद कोए 50.73 लाख के सहयोग हेतु प्रेरित करने पर कुलदीप कुमार व्यास को भी उक्त कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।

वहीं राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान से अनेक बार सम्मानित नगर के प्रमुख समाजसेवी जोधराज बैद के सुपुत्र राजीव बैद इस परिवार की दूसरी पीढ़ी के रूप में दूसरी बार शिक्षा भूषण सम्मान से सम्मानित हुए हैं।

विद्युत ट्रांसफार्मर को पक्की चौकी पर रखने की मांग

निसं

सुजानगढ़ (नवयत्न)। राजकीय भूरमल मिश्र बालिका विद्यालय नं. 6 के पास लगे विद्युत ट्रांसफार्म को उंचा उठाकर चौकी पर रखने, इसकी विद्युत क्षमता बढ़ाने की मांग की गई है।

सहायक अभियंता के नाम सौंपे गए ज्ञापन में अजय ढ़ेनवाल, तरूण सियोता ने बताया है कि बालिका विद्यालय संख्या 6 में काफी बालिकाएं पढ़ती हैं तथा इसके बाहर स्थित ट्रांसफार्मर के चारों ओर बरसात के दिनों में पानी भरा रहता है। जिससे हमेशां विद्युत करंट का खतरा बना रहता है।

अत: इस ट्रांसफार्मर को चौकी निर्माण कर उपर रखा जावे और इसकी विद्युत क्षमता भी बढ़ाई जावे, ताकि बस्ती के लोगों को कम वोल्टेज की समस्या से निजात मिल सके।

जयपुर ट्रैफिक पुलिस को मिले एलईडी डिस्प्ले और हाई-विजिबिलिटी फ्लैश लाइट्स के साथ बैरिकैड

निसं

जयपुर (नवयत्न)। ट्रैफिक पुलिस जयपुर को आईआईएफएल फाउंडेशन की ओर से सौ से अधिक बैरिकैड दिए जा रहे हैं। जिनमें से दस बैरिकैड सौर ऊर्जा से संचालित हैं। अजमेरी गेट स्थित यादगार में यह बैरिकैड आईआईएफएल फाउंडेशन की डायरेक्टर, मधु जैन की ओर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात पुलिस पश्चिम समीर दुबे, यातायात पुलिस उत्तर हरिप्रसाद सोमानी, और यातायात पुलिस दक्षिण रानू शर्मा को सौंपे गए। एलईडी डिस्प्लेए हाई-विजिबिलिटी फ्लैश लाइट्स और रिफ्लेक्टिव सेफ्टी फीचर्स से लैस, इन बैरिकैड के माध्यम से रात को सड़क सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण संदेश जैसे हेलमेट पहनें, सीट बेल्ट लगाएं, शराब पीकर वाहन न चलाएं, गति सीमा का पालन करें और यातायात नियमों का सम्मान करें, लगातार प्रसारित किए जा सकेंगे। गौरतलब है कि तुषार भार्गव और उमंग भार्गव की कंपनी पैन इंडिया सलूशन इन बैरिकैड के निर्माता है। फाउंडेशन की डायरेक्टर मधु जैन ने उस अवसर पर कहा कि उनका उद्देश्य केवल यातायात प्रबंधन नहीं, बल्कि नागरिकों में सुरक्षित और जिम्मेदार सड़क व्यवहार को बढ़ावा देना है। ये केवल लोहे के ढांचे नहीं हैं, बल्कि सड़कों पर सुरक्षा के प्रहरी हैं। ये पुलिस प्रशासन को यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण और दुर्घटनाओं की रोकथाम में मदद करेंगे तथा विशेष रूप से रात के समय लोगों की सुरक्षा को और मजबूत बनाएंगे। वहीं ट्रैफिक पुलिसकर्मी हर मौसम, हर परिस्थिति और हर चुनौती में हमारी सुरक्षा के लिए खड़े रहते हैं। यह हमारी छोटी-सी कोशिश है कि उन्हें बेहतर संसाधन उपलब्ध कराए जाएँ ताकि वे अपने दायित्व को और अधिक प्रभावी ढंग से निभा सकें। उन्होंने सभी नागरिकों से भी आग्रह किया है कि सड़क सुरक्षा को केवल पुलिस की जिम्मेदारी न समझें। नियमों का पालन करनाए गति पर नियंत्रण रखना, हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करना हम सभी का कर्तव्य है।

डीएलएड प्रथम वर्ष परीक्षा आज से

निलेश मुद्गल

झुंझुनू (नवयत्न)। निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा एवं पंचायती राज (प्रा.शि.) विभाग राजस्थान बीकानेर के निर्देशानुसार डीएलएड प्रथम वर्ष परीक्षा 2026 का आयोजन दिनाक 30 जून 2026 से 11 जुलाई 2026 तक किया जाएगा। डाइट प्रधानाचार्य सुमित्रा झाझड़िया ने बताया की परीक्षा की समस्त तैयारी पूर्ण कर ली गई। परीक्षा में अनुचित सामग्री के उपयोग को रोकने के लिए दो उड़नदस्ते बनाये गए हैं। डीएलएड परीक्षा जिला प्रभारी प्रमेन्द्र कुल्हार ने बताया की डीएलएड प्रथम वर्ष परीक्षा 2026 के लिए जिले में 7 परीक्षा केंद्र बनाये गए जिनमें 1352 विद्यार्थी परीक्षा देंगे।

इन केंद्रों में शहीद कर्नल जेपी जानू झुंझुनू में 330, परमवीर पीरूसिंह राउमावि झुंझुनू में 191, राउमावि उदावास में 144, राउमावि अणगासर में 165, राउमावि आबूसर में 152, राबाउमावि हेतमसर में 280 परीक्षार्थी बैठेंगे। परीक्षा का समय दोपहर 2 बजे से साय 5 बजे तक रहेगा।

चिल चलाती धूप में नंगे पांव चलकर अनूठा विरोध प्रदर्शन

सामूहिक रैली निकाल कर दिया ज्ञापन

निसं

चूरू (नवयत्न)। चुरू जिला मुख्यालय पर सोमवार को सफाई कामगार समाज के सैकड़ो सफाई मजदूर द्वारा पंखा सर्किल से अपनी योजना जिला कलेक्टर कार्यालय तक आक्रोश रैली निकालकर प्रदर्शन किया। सफाई कर्मचारी भर्ती को जल्द से जल्द शुरू करने सहित 11 सूत्री मांग पत्र मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार जिला कलेक्टर के द्वारा सोपा गया। इस प्रदर्शन के दौरान पूर्व मनोनीत पार्षद व राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग प्रदेश सचिव एडवोकट अशोक पंवार, मनोज चांवरिया प्रीत चांवरिया के द्वारा अर्धनग्न प्रदर्शन तथा इस चिल चलाती धूप के अंदर नंगे पांव चलकर अनूठा विरोध प्रदर्शन कर आक्रोश जाताया है, ज्ञात होगी पूर्व मनोनीत पार्षद एडवोकेट अशोक पंवार के द्वारा अपने रक्त को स्याही बनाकर दो बार मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार को रक्त रंजित पत्र भी लिखा गया था। सैकड़ो की संख्या में महिला सफाई मजदूर तथा पुरुषों के द्वारा झाड़ू हाथों में लेकर नारेबाजी के साथ शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन किया गया । अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के नगर अध्यक्ष ओमप्रकाश चांवरिया ने बताया कि प्रदेश स्तर पर चल रहे सफाई कर्मचारी भर्ती को लेकर पूरे प्रदेश में विरोध प्रदर्शन हो रहा है उसी विरोध प्रदर्शन को समर्थन देते हुए आज चुरू जिले मुख्यालय पर सांकेतिक रूप से आक्रोश रैली निकाल गई है और जल्द ही राज्य सरकार के द्वारा हमारे 11 सूत्री मांगे नहीं मानी जाती है तो प्रदेश स्तर पर झाड़ू डाउन की जाएगी और सभी सफाई कर्मचारी व सफाई मजदूर सामूहिक हड़ताल पर जाएंगे तथा मनोज चांवरिया ने बताया कि भजनलाल सरकार के द्वारा वाल्मीकि समाज के साथ लगातार कुठाराघात किया जा रहा है वर्तमान में भी सफाई का मूल कार्य सिर्फ और सिर्फ वॉल्यूम की समाज के सफाई कर्मचारी कर रहे हैं तथा गैर वाल्मीकि सफाई कर्मचारी आज भी ऑफिस के अंदर कुछ भी बैठकर कार्य कर रहे हैं जब सफाई का संपूर्ण कार्य वाल्मीकि समाज को करना है तो सफाई भर्ती पर पहला और आखिरी हक भी सिर्फ और सिर्फ वाल्मीकि समाज का होगा सरकार अगर जल मांगे नहीं मानती है तो और भी उग्र आंदोलन किया जाएगा उसकी समस्त जिम्मेदारी राजस्थान सरकारकी होगी इस अवसर पर शंभुदयाल हटवाल, कन्यालाल चांवरिया, परमेश्वर हटवाल, राजेश चांवरिया, नरेन्द्र झुझावत, महेंद्र चावरिया, पवन हटवाल, बलराम चांवरिया, अभिषेक पँवार, मनीष चंदेलिया, नितिन हटवाल, संदीप पँवार अंकित कांगड़ा सियाराम चावरिया पंकज हटवाल किशन हटवाल, प्रियंका देवी, बिन्नू देवी, गंगा देवी, चम्पा देवी, बेबी देवी अरुणा देवी, सरोज लोहरा, पूजा पिंकी अनु सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थे।

राम नाम जप तैयारी बैठक आयोजित

नवरतन वर्मा

रतनगढ़ (नवयत्न)। रतनगढ़ में श्री तालवाले बालाजी मंदिर प्रांगण में गत रविवार की संध्या आगामी 14 जुलाई को संत प्रहलाद महाराज के सानिध्य में होने वाले सामूहिक भव्य राम नाम जप कार्यक्रम आयोजन को लेकर तैयारी बैठक हुई । नामजप बैठक में मुरारीलाल पारीक, पुजारी निलेश इंदौरिया, अजय इंदौरिया, सुशील रवि इंदौरिया, हरिशंकर मंगलहारा, हनुमानसिंह शेखावत, राजकुमार मुरारका, परमेश्वरलाल सैन, संजय मुरारका, हरिराम कड़ेल, कमलकुमार शर्मा, ओम सारस्वत सहित बड़ी संख्या में नाम जप साधक उपस्थित थे।

नव नियुक्त एसडीएम उड़सरिया का किया अभिनंदन

निसं

नोखा (नवयत्न)। भारतीय जनता पार्टी नोखा शहर के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नोखा की नव नियुक्त उपखंड अधिकारी निधि उड़सरिया से शिष्टाचार भेंट कर पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर नोखा शहर की विभिन्न जनसमस्याओं, विकास कार्यों एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा हुई तथा उनके शीघ्र समाधान के संबंध में सकारात्मक संवाद किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने विशेष रूप से शहर की आधारभूत सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था, यातायात, पेयजल, विद्युत एवं अन्य जनहित से जुड़े विषयों पर चर्चा करते हुए आमजन की अपेक्षाओं से अवगत कराया। इस दौरान भाजपा बीकानेर देहात उपाध्यक्ष महेश झंवर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष निर्मल कुमार भूरा, शहर अध्यक्ष गंगाराम पारीक, पूर्व मंडल अध्यक्ष सूरजमल उपाध्याय, शहर उपाध्यक्ष निर्मल चोपड़ा, उपाध्यक्ष पुखराज पंचारिया, कालू भार्गव, निवर्तमान पार्षद राधेश्याम लखोटिया, मंत्री पुखराज सुथार एवं हेमंत जोशी, मांगीलाल पंचारिया सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने विश्वास व्यक्त किया कि निधि उड़सरिया के नेतृत्व एवं प्रशासनिक अनुभव से नोखा क्षेत्र के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी तथा आमजन की समस्याओं के समाधान में प्रशासन की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। भाजपा पदाधिकारियों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय के माध्यम से नोखा के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की प्रतिनिधिमंडल ने आशा व्यक्त की कि आपके कार्यकाल में सुशासन, पारदर्शिता एवं जनसुनवाई की प्रभावी व्यवस्था के माध्यम से आमजन को त्वरित राहत एवं बेहतर प्रशासनिक सेवाएं प्राप्त होंगी। नोखा के विकास एवं जनसेवा के लिए भाजपा सदैव प्रतिबद्ध है।

तेजी से शुगर बढ़ाते हैं रोजाना खाए जाने वाले यह फूड्स

कई लोग अपने सुबह की शुरूआत चाय पीकर करते हैं और रात के खाने के बाद मीठा खाना पसंद करते हैं। इसके अलावा दिनभर में कभी भी थकान महसूस होने पर लोग चाय या कॉफी पीना पसंद करते हैं। इससे उन्हें कम थकान महसूस होती है। लेकिन क्या आपको पता है कि चाय, कॉफी और मिठाई के बहाने आप दिनभर में कितनी चीनी की मात्रा का सेवन करते हैं? इन कारणों से आपकी सेहत पर असर पड़ सकता है और इससे रक्त में शुगर की मात्रा बढ़ सकती है। दरअसल, सुबह से लेकर रात तक आप काफी मात्रा में शुगर खाते हैं, भले ही आप उसे किसी भी रूप में खाएं।

मीठे का अधिक मात्रा में सेवन क्यों है खतरनाक : बहुत अधिक चीनी या मीठे चीजों का सेवन करने से आपका वजन अचानक बढ़ सकता है और आप मोटापे का शिकार हो सकते हैं। इससे आपको डायबिटीज, टाइप-2 डायबिटीज और हार्ट संबंधी समस्याएं हो सकती है। साथ ही इससे आपका मेटाबॉलिक रेट, हार्मोनल संतुलन और ब्लडप्रेशर जैसी बीमारियां हो सकती है। इसलिए जितना संभव हो, उतना आप चीनी के सेवन से बचें, इससे आपकी सेहत को नुकसान हो सकता है और आप कई बीमारियों के शिकार हो सकते हैं।

फ्रूट और दही : मार्केट में कई तरह की रेडिमेड फ्रूट दही मिलती है, जिनमें शुगर की मात्रा अधिक होती है। इसके अलावा अगर आप दही में बहुत अधिक चीनी डालकर उसका सेवन करते हैं, तो इससे भी आपकी सेहत खराब हो सकती है। कई लोग बाजार से खरीदी गई मीठी दही का सेवन भी करते हैं। ये भी आपके लिए नुकसानदायक हो सकता है। इसलिए, हमेशा फलों की नैचुरल मिठास का सेवन करने की कोशिश करें।

ब्रेड : व्हाइट ब्रेड में भी चीनी की मात्रा मिली होती है। व्हाइट की जगह आप ब्राउन ब्रेड का सेवन कर सकते हैं। इससे शरीर को एनर्जी मिलती है और वजन कम करने में ये काफी कारगर है। सबसे बड़ी बात ये है कि इससे आपका शुगर लेवल नहीं बढ़ता है। जबकि व्हाइट ब्रेड में चीनी की कुछ मात्रा मिलाई जाती है और इससे आपको नुकसान हो सकता है। इसलिए आप बेकरी या बाजार से फ्रेश ब्राउन ब्रेड ले सकते हो।

हॉट चॉटकलेट : लोगों को तरह-तरह के चॉकलेट और कप केक खाना पसंद करते हैं। यह खाने में स्वादिष्ट भी होते हैं, जिससे आपके मूड रिफ्रेश हो जाता है। हालांकि अगर आप हफ्ते में एक या दो बार हॉट चॉकलेट खाते हैं, तो इससे कोई नुकसान नहीं होता है लेकिन अगर आप रोज हॉट चॉकलेट का सेवन करते हैं या हफ्ते में 5-6 बार भी खाते हैं, तो इससे आपके शरीर में शुगर लेवल बढ़ सकता है। इससे बेहतर ये होगा कि आप कुछ मीठा खाने का मन करे, तो घर में कोई अच्छी सी डिश बना लें। यह आपकी सेहत के लिए भी फायदेमंद हो सकता है।

फास्ट फूड : आजकल की व्यस्त दिनचर्या में ऑफिस के काम और थकान के बाद लोगों के पास समय नहीं बचता है कि वे घर जाकर अपने लिए कुछ हेल्दी खाना पका सकें। इसकी बजाय वे बाहर से खाना ऑर्डर करना या खरीद लेना बेहतर समझते हैं। लेकिन, इसकी बजाय आपको कुछ हेल्दी विकल्प तलाशने की कोशिश करनी चाहिए ताकि आपको मेहनत भी कम लगे और सेहत पर भी असर न पड़े। अगर आप बहुत थक गए है, तो दलिया या खिचड़ी बनाकर खा सकते हैं।

जूस : इन दिनों पैकेज्ड जूस का काफई चलन है। लोगों अपने घरों में फलों से निकले ताजे जूस की जगह बाहर मिलने वाले जूस को पीना आसान समझते हैं। दरअसल इसमें समय और मेहनत नहीं लगती है। इसलिए, हम पैकेज्ड जूस पीना सही समझते हैं लेकिन इससे अधिकतम कैलोरी शुगर की मात्रा होती है, जो कई समस्याओं को न्योता दे सकती है।

बच्चों के लिए इन कारणों से खेल है जरूरी, बनेंगे एक्टिव और तेज

आजकल की बढ़ती प्रतिस्पर्धा में हर माता-पिता अपने बच्चे को सबसे आगे देखना चाहते हैं। ऐसे में वे अपने बच्चे के सुनहरे भविष्य के लिए कुछ पाबंदियां भी लगाते हैं। जैसे बाहर खेलने न जाना, दोस्त के साथ घूमने से मना करना और तमाम ऐसी चीजें, जो उन्हें अपने बच्चे की सेहत और भविष्य के लिए सही नहीं लगती है लेकिन बढ़ते बच्चे के लिए खेलना बेहद आवश्यक है। शारीरिक गतिविधियों की कमी की वजह से बच्चों में शारीरिक निष्क्रियता, मोटापा और कई स्वास्थ्य समस्याएं हो रही है। खेलने से बच्चे में सीखने की क्षमता का विकास होता है। साथ ही उनमें आत्मसम्मान, टीमवर्क और क्रिएटिविटी भी सीखते हैं। इसलिए एक माता-पिता के तौर पर आपको उनके संपूर्ण विकास और सामाजिक रिश्तों को भी बढ़ावा देने के बारे में सीखना चाहिए। अगर आपका बच्चा दोस्तों के साथ नहीं खेलता है, तो इससे उनकी संवाद की क्षमता पर असर पड़ता है। फिर वे कहीं भी कुछ बोलने से घबराने लगते हैं।

आत्मसम्मान में सुधार

कई तरह के खेल खेलने से बच्चों के आत्मसम्मान में सुधार होता है। इससे उनके मन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। दरअसल जब खेल में आपकी टीम जीत जाती है या आपको कुछ अंक हासिल होते हैं, तो बच्चे के लिए वह बेहद सुखद क्षण होता है। इससे उनमें स्किल डेवलपमेंट के साथ-साथ धैर्य रखने की क्षमता का भी विकास होता है। इसके अलावा वह जीवन में अपने लक्ष्य को लेकर काफी दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ते हैं। इससे वह पढ़ाई में भी अच्छे होते हैं।

शारीरिक मजबूती आती है

खेलने से बच्चा अंदर से मजबूत बनता है और इससे उनका शारीरिक विकास तेजी से होता है। दरअसल खेलने के दौरान आपके शरीर में तेजी से ऑक्सीजन का संचार होता है। इससे ब्लड सर्कुलेशन बेहतर हो सकता है। साथ ही इससे आपके बच्चे का पाचन तंत्र भी अच्छा होता है। ऐसे में वे जो भी खाते हैं, उसका पाचन अच्छे से होता है। इसलिए, उन्हें खेलने के लिए प्रोत्साहित करें क्योंकि इससे उनका मानसिक विकास भी अच्छे से होता है क्योंकि खेलने के दौरान शरीर एंडोर्फिन नामक हार्मोन जारी करता है, जिससे शरीर में सकारात्मक भावना का संचार होता है।

सामाजिक कौशल का विकास

जब आपका बच्चा खेलकूद में भाग लेता है, तो वे कई तरह के सामाजिक कौशल का भी विकास कर पाते हैं। उन्हें दोस्त से बात करना, टीम भावना के साथ खेलना और दूसरों के प्रति स्वीकार्यता बढ़ती है। इससे उन्हें भविष्य में काफी मदद मिलती है। टीम कैप्टन के रूप में उनकी नेतृत्व की क्षमता का भी विकास होता है। इससे उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है।

पढ़ाई में भी बेहतर कर पाते हैं

नियमित रूप से खेल खेलने वाले बच्चे आमतौर पर अपनी पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन करते हैं। इसका एक कारण यह भी है कि वे समर्पण और कड़ी मेहनत करने के सिद्धांत को अपनी पढ़ाई में भी लागू करते हैं। जिससे वह अपने सारे काम कुशलतापूर्वक करते हैं। साथ ही अपने वर्तमान पर अधिक ध्यान केंद्रित करते हैं।

इन समस्याओं में नहीं करना चाहिए नाशपाती का सेवन

वजन कंट्रोल करने से लेकर दिल को स्वस्थ रखने तक नाशपाती खाने के अनेक स्वास्थ्य लाभ हैं। पोषक तत्वों से भरपूर नाशपाती सिर्फ खाने में ही स्वादिष्ट होती, बल्कि कई गंभीर रोगों को दूर रखने में भी मदद करती है। इसमें विटामिन्स, मिनरल्स और फाइबर के साथ ही एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-कैंसर गुण भी होते हैं। इसलिए नाशपाती को कैंसर से लड़ने के लिए भी बहुत फायदेमंद माना जाता है। लेकिन क्या नाशपाती का सेवन सभी के लिए फायदेमंद होता है?

पेट संबंधी समस्याएं होने पर न खाएं : अगर आप पहले पाचन संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हैं, तो नाशपाती खाने से बचें। नाशपाती की तासीर ठंडी होती है, जो आपकी पाचन अग्नि को कम करती है। पेट संबंधी समस्याएं होने पर आपको सुबह और रात के समय नाशपाती खाने से सख्त परहेज करना चाहिए। पाचन खराब होने पर आपके पाचन तंत्र को इन्हें पचाने में अधिक मेहनत करनी पड़ती है। नतीजतन पेट में पेट में ऐंठन, गैस, ब्लोटिंग, दस्त जैसी समस्याएं होती है।

अगर आपको नाशपाती से एलर्जी है : अगर आपको नाशपाती से एलर्जी है, तो भूलकर भी इसका सेवन नहीं करना चाहिए। क्योंकि इससे शरीर में कई अन्य समस्याएं हो सकती हैं। चेहरे, गले और जीभ पर सूजन इसके कुछ आम लक्षण हैं। नाशपाती के सेवन से आपको त्वचा में खुजली, साइनस के साथ ही उल्टी-दस्त जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं।

वजन कम करने वाले लोग : वैसे तो नाशपाती में कैलोरी की मात्रा कम होती है, जिससे यह वजन घटाने में फायदेमंद है। लेकिन अगर आप ज्यादा मात्रा में नाशपाती खाते हैं, तो यह आपकी नियमित कैलोरी की खपत को बढ़ा सकती हैं। इसलिए वजन घटाने वाले लोग फायदे के चक्कर में नाशपाती का सेवन अधिक न करें।

हाई ब्लड प्रेशर वाले लोग : नाशपाती को ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। यहां भी आपको इस बात का ध्यान रखने की जरूरत है कि आपको सिर्फ सीमित मात्रा में ही इसका सेवन करना चाहिए। हाई ब्लड प्रेशर में अगर आप नाशपाती का ज्यादा सेवन करते हैं, तो इससे कई समस्याएं हो सकती हैं, जैसे हार्ट रेट बढ़ना, चक्कर आना, बेहोशी, सांस संबंधी समस्याएं आदि।

सर्दी लगने पर न खाएं नाशपाती

नाशपाती की तासीर ठंडी होती है। अगर कोई व्यक्ति सर्दी-जुकाम, बुखार, गले में दर्द आदि में नाशपाती का सेवन करता है, तो इससे उसकी समस्याएं बढ़ सकती हैं। ऐसे में आपको नाशपाती खाने से बचना चाहिए।

स्किन को डिटॉक्स करने के लिए ऐसे करें मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल

स्किन के लिए मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल हमारी बहुत पहले से किया जा रहा है। स्किन के लिए मुल्तानी मिट्टी कई तरीकों से फायदेमंद है। यह स्किन को डिटॉक्स करने के साथ-साथ एक्सेस ऑयल हटाने में भी मदद करती है। स्किन में ऑयल और डस्ट जमा होने के कारण चेहरा डल और बेजान नजर आता है। मुल्तानी मिट्टी हर स्किन टाइप के लिए अच्छी होती है। इससे आपकी कई तरह की स्किन समस्याएं ठीक हो सकती हैं। अगर आपकी स्किन में पिंपल्स बहुत होते हैं या फिर स्किन इंफेक्शन की दिक्कत होती है, तो आपके लिए मुल्तानी मिट्टी काफी लाभकारी साबित हो सकती है। इसके अलावा अगर आपको दाग-धब्बों की परेशानी है, तो भी आप मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल कर सकते हैं।

चारकोल मुल्तानी मिट्टी मास्क

स्किन को एक्सफोलिएट करने, ब्लैकहेड्स और दाग-धब्बे हटाने के लिए आप चारकोल और मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे स्किन पर निखार आता है और ब्लैकहेड्स की समस्या भी कम हो सकती है। चारकोल और मुल्तानी मिट्टी मास्क बनाने के लिए आप एक बाउल में मुल्तानी मिट्टी, 1 चम्मच एक्टिवेटेड चारकोल, 3 बड़े चम्मच विच हेजल और कुछ बूंद टी ट्री ऑयल मिलाकर एक अच्छा पेस्ट बना लें। अब इसे चेहरे और गर्दन पर लगाएं। इसे सूखने के बाद त्वचा को अच्छे से साफ कर लें। इससे स्किन अच्छे से डिटॉक्स हो सकती है।

शहद मुल्तानी मिट्टी फेस मास्क

ये फेस मास्क स्किन को अंदर से साफ करने से आपकी स्किन ऑयल और पिंपल फ्री बनाता है। साथ ही इससे स्किन ग्लोइंग और निखरी नजर आती है। इसके लिए आप 1 चम्मच शहद, एक चम्मच मुल्तानी मिट्टी, एक चम्मच एवोकाडो तेल और 1 चम्मच दही से मिलाकर एक अच्छा पेस्ट तैयार कर लें। फिर इसे स्किन और गर्दन पर अच्छे से लगाएं। फिर हल्के हाथों से इसे मसाज करें और पानी से चेहरे को धो लें।

कॉफी मुल्तानी मिट्टी फेस मास्क

स्किन को टोन और खूबसूरत बनाने के लिए आप कॉफी मुल्तानी मिट्टी फेस मास्क का इस्तेमाल कर सकते हैं। कॉफी स्किन को नैचुरल तरीके से स्क्रब करने में मदद करती है। साथ ही इसमें जिंक, सिलिका और मैग्नीशियम पाए जाते हैं, जो स्किन को अंदर से चमकदार बनाने में मदद करते हैं। इसका पैक बनाने के लिए आप दो चम्मच मुल्तानी मिट्टी, एक चम्मच कॉफी पाउडर, एक चम्मच एप्पल साइडर विनेगर और एक चम्मच गुलाब जल मिलाकर एक अच्छा पेस्ट तैयार कर लें और फिर इसे स्किन पर अप्लाई करें। फिर इसे 10-15 मिनट सूखने दें और साफ कर लें। इससे स्किन बेदाग नजर आती है।

डार्क सर्कल्स को दूर कर सकता है ओट्स

वजन कम करने से लेकर कब्ज की परेशानी दूर करने तक, ओट्स कई कारणों से फायदेमंद माना जाता है। साथ ही यह स्किन की कई तरह की समस्याओं को दूर करने में असरदार हो सकता है। नियमित रूप से स्किन पर ओट्स पैक लगाने से झुर्रियां, स्किन की जलन, दाग-धब्बों आदि को दूर किया जा सकता है। इसके अलावा यह डार्क सर्कल की समस्या को दूर करने में भी प्रभावी हो सकता है। साथ ही यह आंखों के आस-पास होने वाली झुर्रियों को भी कम कर सकता है। डार्क सर्कल की परेशानी को दूर करने के लिए ओट्स काफी फायदेमंद हो सकता है। स्किन पर आप इसका इस्तेमाल कई तरीकों से कर सकते हैं।

दूध और ओट्स : दूध और ओट्स के इस्तेमाल से डार्क सर्कल की परेशानियों को दूर किया जा सकता है। इसके लिए 2 चम्मच रोल्ड ओट्स लें। अब इसमें 1 चम्मच दूध और दालचीनी पाउडर मिक्स करें। इसके बाद इस पेस्ट को अपने आंखों के चारों ओर लगाकर हल्के हाथों से स्क्रब करें। आप इस पैक को चेहरे पर भी लगा सकते हैं। करीब 5 मिनट तक स्क्रबिंग करने के बाद चेहरे को नॉर्मल पानी से धो लें। इससे आंखों के आसपास डार्क सर्कल की समस्या दूर होगी।

नायिरल तेल और ओट्स : नारियल तेल स्किन के लिए काफी अच्छा माना जाता है। इससे स्किन की रंगत में सुधार करने में मदद मिलती है। साथ ही यह डार्क सर्कल की समस्याओं को दूर करने में प्रभावी होता है। डार्क सर्कल की परेशानी को दूर करने के लिए 1 चम्मच नारियल का तेल लें। इसमें 1 चम्मच के करीब ओट्स मिलाएं। इसके बाद इसमें गर्म पानी की कुछ बूंदें मिक्स करें। तैयार पेस्ट को डार्क सर्कल के आसपास लगाकर कुछ देर तक स्क्रब करें। इसके बाद नॉर्मल पानी से स्किन को साफ कर लें। इससे कुछ ही दिनों में बेहतर रिजल्ट दिखेगा।

बेसन और ओट्स फेस पैक

बेसन और ओट्स का मिश्रण स्किन के लिए काफी अच्छा माना जाता है। डार्क सर्कल के लिए इसका इस्तेमाल करने के लिए 1 चम्मच बेसन लें। इसमें 1 चम्मच ओट्स, 1 चम्मच शहद और गुलाब जल मिक्स करें। इसके बाद इस मिश्रण को चेहरे और आंखों के आसपास लगाकर स्क्रब करें। कुछ देर बाद चेहरे को नॉर्मल पानी से धो लें।

दही और ओट्स

दही में भी डार्क सर्कल को हटाने का गुण होता है। इसके लिए एक कटोरी लें। इसमें 2 चम्मच दही, दूध, 1 चम्मच ओट्स और 1 चम्मच शहद मिक्स करें। इसके बाद इसे आंखों के आसपास लगाकर कुछ समय के लिए छोड़ दें। बाद में हल्के हाथों से इसे हटाएं और गर्म पानी से चेहरे को धो लें। इससे डार्क सर्कल की समस्या दूर हो सकती है।

सुबह खाली पेट पीते हैं नींबू पानी तो बरतें सावधानी

वजन कम करने और शरीर की इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए नींबू पानी पीना बहुत फायदेमंद होता है। लेकिन अगर आप इसका सही ढंग से सेवन नहीं करते हैं, तो कई समस्याएं हो सकती हैं। तमाम लोग सुबह खाली पेट नींबू पानी पीते हैं। क्या आपको पता है, सुबह खाली पेट नींबू पानी पीना सेहत के लिए नुकसानदायक भी हो सकता है? दरअसल सुबह के समय खाली पेट रहने पर नींबू पानी पीने से आपको पेट से जुड़ी परेशानियां हो सकती हैं और दांतों से जुड़ी समस्याओं का खतरा रहता है। कुछ लोग वजन कम करने के लिए बहुत ज्यादा मात्रा में नींबू पानी पीते हैं। ऐसे लोगों को सेहत से जुड़ी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं।

सुबह खाली पेट नींबू पानी पीने के नुकसान

नींबू में सेहत के लिए फायदेमंद विटामिन सी, पोटेशियम, आयरन, सोडियम और क्लोरीन जैसे तत्व पाए जाते हैं। वजन कम करने, शरीर से विषाक्त पदार्थों को दूर करने और इम्यूनिटी बूस्ट करने के लिए नींबू पानी पीना बहुत फायदेमंद होता है। बहुत ज्यादा मात्रा में नींबू पानी पीने से पेट में एसिड बढ़ सकता है और कई समस्याएं हो सकती हैं।

- सुबह खाली पेट नींबू पानी पीने से आपको डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। नींबू में ऐस्कॉर्बिक एसिड की मात्रा बहुत ज्यादा होती है और यह किडनी में यूरिन प्रोडक्शन को बढ़ाने का काम करता है, इसलिए बहुत संतुलित मात्रा में ही इसका सेवन करना चाहिए।
- सुबह खाली पेट नींबू पानी पीना हड्डियों के लिए नुकसानदायक हो सकता है। खाली पेट बहुत ज्यादा नींबू पानी पीने से आपकी हड्डियों के जोड़ों में मौजूद ऑयल कम होने लगते हैं।
- नींबू पानी डाइयुरेटिक होता है और इसका खाली पेट बहुत ज्यादा सेवन करने से आपको पेशाब से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं। इसकी वजह से आपको बार-बार पेशाब लगने की समस्या हो सकती है।
- सुबह खाली पेट बहुत ज्यादा नींबू पानी पीने से आपके दांतों को नुकसान हो सकता है। नींबू में एसिडिक गुण ज्यादा होते हैं, जिसकी वजह से दांतों के इनेमल को नुकसान पहुंचता है।
- पाचन को दुरुस्त करने के लिए नींबू पानी फायदेमंद होता है, लेकिन सुबह खाली पेट नींबू पानी पीने से आपके पेट में एसिड बढ़ सकता है। इसकी वजह से पेट से जुड़ी कई समस्याएं हो सकती हैं

साबुत मूंग दाल खाने से सेहत को मिलते हैं ये फायदे

मूंगदाल स्वास्थ्य के लिए काफी हेल्दी होती है। खासतौर पर साबुत मूंगदाल का नियमित रूप से सेवन करने से शरीर की कई तरह की परेशानियों को दूर किया जा सकता है। इसका सेवन आप सूप से लेकर सलाद तक, कई रूप में कर सकते हैं। यह कई तरह के पोषण तत्वों से भरपूर होती है, जो बीमारियों से आपको दूर रख सकते हैं।

एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर

साबुत मूंगदाल एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होती है। इसमें कई तरह के एंटीऑक्सीडेंट, जैसे- फेनोलिक एसिड, फ्लेवोनोइड्स, कैफिक एसिड आदि पाए जाते हैं। ये एंटीऑक्सीडेंट्स आपको फ्री रेडिकल्स से सुरक्षित रख सकते हैं। एंटीऑक्सीडेंट्स युक्त आहार के सेवन से क्रॉनिक इंफ्लेमेशन, हार्ट डिजीज, कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियों को दूर किया जा सकता है।

खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को करता है कम

शरीर में खराब कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ने से कई तरह की बीमारियां बढ़ने का जोखिम होता है। खासतौर पर इसकी वजह से हृदय रोग होने का खतरा रहता है। ऐसे में मूंगदाल आपके स्वास्थ्य के लिए काफी हेल्दी हो सकती है, क्योंकि इसमें खराब कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम करने का गुण होता है।

ब्लड प्रेशर को करे कंट्रोल

साबुत मूंगदाल के सेवन से ब्लड प्रेशर को कंट्रोल किया जा सकता है। हाई ब्लड प्रेशर मरीजों के लिए मूंगदाल काफी हेल्दी है। साबुत मूंगदाल पोटैशियम, मैग्नीशियम और फाइबर का काफी अच्छा स्रोत होता हैं। यह सभी पोषक तत्व हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में असरदार हो सकते हैं।

पाचन के लिए हेल्दी

पाचन को स्वस्थ रखने के लिए साबुत मूंगदाल का सेवन करें। यह गट हेल्थ के लिए हेल्दी होता है। दरअसल, मूंगदाल में पेक्टिन नामक सॉल्यूबल फाइबर होता है, जो पाचन शक्ति के लिए काफी फायदेमंद है। इसके अलावा इसमें कई अन्य तरह के तत्व होते हैं, जो पाचन को स्वस्थ रखने के फायदेमंद हैं।

ब्लड शुगर करे कंट्रोल

मूंगदाल का सेवन करने से ब्लड शुगर को भी कंट्रोल किया जा सकता है। यह प्रोटीन और फाइबर का अच्छा स्त्रोत होता है, जो ब्लड शुगर को कंट्रोल कर सकता है। साथ ही यह एंटीऑक्सीडेंट्स का अच्छा स्त्रोत होता है, जिसके सेवन ब्लड शुगर भी कंट्रोल किया जा सकता है।

साबुत मूंगदाल के नुकसान

साबुत मूंगदाल के सेवन से शरीर को कई फायदे हो सकते हैं। लेकिन अगर आप इसका सेवन अधिक मात्रा में करते हैं, तो इससे अपच, मतली और कब्ज जैसी परेशानी हो सकती है। दरअसल, इसमें फाइबर की अधिकता होती है। अधिक मात्रा में फाइबर के सेवन से अपच, कब्ज जैसी पेट की परेशानियां हो सकती हैं।

जिला स्तरीय सम्मान समारोह में चार भामाशाह और एक प्रेरक हुए सम्मानित

ललित दाधीच

राजलदेसर (नवयत्न)। जिला स्तरीय भामाशाह सम्मान एवं प्रेरक सम्मान समारोह-2026 में ग्राम लाछडसर के चार भामाशाहों एवं एक प्रेरक को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में रामरख सहू को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, लाछडसर में कक्षा-कक्ष निर्माण हेतु चार लाख 11हजार का दान देने, सहीराम घिंटाला सेवानिवृत्त शिक्षक को कक्षा-कक्ष निर्माण के लिए एक लाख की सहयोग राशि प्रदान करने, शंकरलाल मीणा अध्यापक को कक्षा-कक्ष निर्माण हेतु एक लाख 4 हजार का सहयोग देने तथा भंवरलाल सारण को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, लाछडसर में तीन लाख 50 हजार की लागत से वाटर कूलर एवं पानी की टंकी का निर्माण करवाने के लिए भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में प्रेरणादायी कार्यों एवं भामाशाहों को शिक्षा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर डॉ. चेतन चौहान, प्रधानाचार्य, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, लाछडसर को प्रेरक सम्मान प्रदान किया गया। सम्मान अभिषेक सुराणा जिला कलेक्टर, संतोष कुमार महर्षि मुख्य जिला अधिकारी, ओमप्रकाश प्रजापत तथा जिला शिक्षा अधिकारी किशनलाल गहनोलिया सहित अन्य अतिथियों के द्वारा दिया गया ।

विधायक डूडी ने मदरसा ध्वस्तीकरण स्थल का किया दौरा

बीकानेर (नवयत्न)। सोमवार को नोखा विधानसभा क्षेत्र की विधायक सुशीला डूडी के बीकानेर जिले में बज्जू क्षेत्र के रावबाला गांव पहुंची, जहां उन्होंने मदरसा ध्वस्तीकरण स्थल का दौरा किया और भाईचारा बनाए रखने की अपील की। इस दौरान श्याम सिंह भाटी ने विधायका को साफा एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। इस दौरान जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। इसके बाद विधायक सुशीला डूडी ने रावबाला गांव में मुस्लिम समुदाय के मदरसे को ध्वस्त किए जाने के मामले में घटनास्थल का दौरा कर स्थानीय लोगों से बातचीत की और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। दौरे के दौरान विधायक डूडी ने भाजपा पर जातिवाद की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि समाज में आपसी सौहार्द और भाईचारा बनाए रखना सबसे महत्वपूर्ण है। किसी भी परिस्थिति में सामाजिक सद्भाव को बिगडने नहीं देना चाहिए। उन्होंने सभी समुदायों से शांति, प्रेम और आपसी विश्वास बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

बीबाणी मुक्तिधाम पार्क में लगाए पौधे

झुंझुनू (नवयत्न)। बीबाणी विकास समिति द्वारा पर्यावरण संरक्षण अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण की शुरुआत की गई। संस्था अध्यक्ष एडवोकेट हरीश जोशी ने बताया कि पंकज जालान के सौजन्य से 150 फल, फूल व छायादार वृक्ष बीबाणी पार्क में लगाए एवं पालन पोषण की जिम्मेदारी सौंपी।

कार्यालय नगरपालिका मण्डल खण्डेला सीकर (राज0)
E-mail – Khandela.ulb@gmail.com

क्रमांकः नपाख/2026–2027/1263 दिनांक : 23.06.2026

बोली आमंत्रण सूचना

नगरपालिका खण्डेला की ओर से नगरपालिका क्षेत्र में कार्य करवाये जाने हेतु उपयुक्त श्रेणी में विभिन्न राजकीय विभागों में पंजीकृत संवेदकों से बोली आंमत्रित की जाती है। बोली की विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in पर निम्न यूबीएन कमांक द्वारा देखी जा सकती है:–

DLB2627SSOB08530	DLB2627SSOB08532	DLB2627GSOB08531
DLB2627WSOB08505	DLB2627WSOB08504	DLB2627WSOB08503
DLB2627SSOB08513	DLB2627SSOB08535	DLB2627SSOB08534
DLB2627SSOB08529	DLB2627SSOB08534	DLB2627SSOB08532
DLB2627GSOB08531	DLB2627SSOB08530	DLB2627SSOB08529
DLB2627SSOB08528	DLB2627SSOB08527	DLB2627SSOB08526
DLB2627GSOB08525	DLB2627GSOB08524	DLB2627WSOB08523
DLB2627SSOB08522	DLB2627SSOB08520	DLB2627SSOB08517
DLB2627SSOB08515		

राज.संवाद/सी/26/5793

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका खण्डेला

सम्यक दर्शन कार्यशाला में तेरापंथ युवक परिषद को मिला सम्मान

नोखा (नवयत्न)।

जैन श्वेताम्बर तेरापंथ धर्मसंघ के आचार्य श्री महाश्रमण के पावन सानिध्य में समण संस्कृति संकाय द्वारा लाडनूं में आयोजित सम्यक दर्शन कार्यशाला में उत्कृष्ट सहभागिता, अनुशासित आयोजन एवं प्रभावी प्रस्तुति के लिए तेरापंथ युवक परिषद, नोखा को सम्मानित किया गया। यह सम्मान परिषद की सक्रिय कार्यशैली, संगठनात्मक क्षमता एवं संस्कारमय गतिविधियों का प्रतीक है। सम्मान प्राप्त होने पर परिषद के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में हर्ष का वातावरण रहा। कार्यशाला के सफल संचालन में कार्यशाला प्रभारी अनुभा भूरा का विशेष मार्गदर्शन, समर्पण एवं अथक परिश्रम सराहनीय रहा। उनके नेतृत्व में परिषद के सदस्यों ने पूरी निष्ठा एवं अनुशासन के साथ सहभागिता निभाई, जिसके परिणामस्वरूप परिषद को यह गौरवपूर्ण सम्मान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर ते यु प के निवर्तमान अध्यक्ष निर्मल चोपड़ा, हर्षित भूरा, प्रदीप डागा, पवन बैद एवं चयन मालू सहित परिषद के सदस्यों की सक्रिय उपस्थिति एवं सहयोग उल्लेखनीय रहा। सभी ने टीम भावना के साथ कार्य कर नोखा का नाम गौरवान्वित किया। परिषद के सदस्यों ने इस सम्मान को संपूर्ण नोखा तेरापंथ समाज को समर्पित करते हुए भविष्य में भी धर्म, सेवा, संस्कार एवं संगठन के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। इस उपलब्धि पर समाजजनों ने परिषद के सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं विशेष रूप से प्रभारी अनुभा भूरा को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की।

वक्फ बोर्ड के फैसले के विरोध में वार्डवासियों ने किया प्रदर्शन सौंपा ज्ञापन

हर्ष सोनी

झुंझुनू (नवयत्न)। शहर के वार्ड संख्या 8 स्थित इंदिरा नगर के निवासियों ने सोमवार को वक्फबोर्ड के एक फैसले के विरोध में जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। वार्डवासियों का कहना है कि वे नगर परिषद झुंझुनू द्वारा आवंटित पट्टाशुदा भूखंडों पर वर्षों से काबिज हैं, लेकिन हाल ही में वक्फबोर्ड के निर्णय से उनके स्वामित्व और अधिकारों पर प्रश्नचिह्न खड़ा हो गया है। प्रदर्शन के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर से मामले में हस्तक्षेप कर वार्डवासियों के हितों की रक्षा करने तथा वक्फबोर्ड के निर्णय के संबंध में अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी उपलब्ध कराने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि नगर परिषद से विधिवत प्राप्त पट्टों के आधार पर लोग लंबे समय से इन भूखंडों पर निवास कर रहे हैं, ऐसे में उनके अधिकार सुरक्षित रखे जाएं। ज्ञापन सौंपने वालों में सज्जन जांगिड़, महीपाल भामू, कर्मवीर भामू, श्रीचंद झाझड़िया, रामस्वरूप गजराज, डॉ. जे.पी. बुगालिया, राकेश झाझड़िया और रामदेव भास्कर सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं वार्डवासी मौजूद रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत घिरडोदा मीठा
पंचायत समिति लाडनूँ

क्रमांकः 2026–27/92 दिनांक : 23.06.2026

ई–निविदा सूचना संख्या– 30/2026–27

पंचायत समिति लाडनूं की अधीनस्थ ग्राम पंचायत घिरडोदा मीठा में वित्तीय वर्ष 2026–27 में महात्मा गांधी नरेगा एवं पंचायतीराज की अन्य समस्त योजनाओं के तहत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिये निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु संवेदको विनिर्माताओं आपूर्तिकर्ताओं से ग्राम स्तरीय ई–निविदाए आमन्त्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल http:/www.sppp.rajasthan.gov.in एवं http:/www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकता है। निविदाये निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेंगी।

NIB-ZNR2627A0489 UBN-ZNR2627GLOB00662

प्रशासक — ग्राम पंचायत घिरडोदा मीठा, पंचायत समिति लाडनूँ
ग्राम विकास अधिकारी — ग्राम पंचायत घिरडोदा मीठा, पंचायत समिति लाडनूँ

कार्यालय ग्राम पंचायत हुडास
पंचायत समिति लाडनूँ

क्रमांकः 2026–27/33 दिनांक : 22.06.2026

ई–निविदा सूचना संख्या– 26/2026–27

पंचायत समिति लाडनूं की अधीनस्थ ग्राम पंचायत हुडास में वित्तीय वर्ष 2026–27 में महात्मा गांधी नरेगा एवं पंचायतीराज की अन्य समस्त योजनाओं के तहत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिये निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु संवेदको विनिर्माताओं आपूर्तिकर्ताओं से ग्राम स्तरीय ई–निविदाए आमन्त्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल http:/www.sppp.rajasthan.gov.in एवं http:/www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकता है। निविदाये निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेंगी।

NIB-ZNR2627A0484 UBN-ZNR2627GLOB00657

प्रशासक — ग्राम पंचायत हुडास, पंचायत समिति लाडनूँ
ग्राम विकास अधिकारी — ग्राम पंचायत हुडास, पंचायत समिति लाडनूँ

कार्यालय नगरपालिका रतनगढ़ (राजस्थान)

क्रमांकः नपार/भूमि/2026/1472–1474 दिनांक 29.06.26

सार्वजनिक आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदकगणों द्वारा नीचे अंकित प्रयोजन हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किये हैं। उक्त के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्थान को कोई आपत्ति हो तो आपत्ति प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, तय समयावधि में आपत्ति प्रस्तुत नहीं होने पर आगामी कार्यवाही अमल में लायी जावेगी। बाद मियाद कोई उज्र आपत्ति मान्य नहीं होगी।

क्र.सं	पत्रावली संख्या/दिनांक	नाम आवेदकगण	भू–खण्ड का क्षेत्रफल	वांछित प्रयोजन
1	LD/RTNG/2025-26/396 883 27-06-2026	श्री बिश्वनाथ भुवालका पुत्र श्री झाबर मल भुवालका एवं बिनोद कुमार भुवालका पुत्र स्व. श्री कन्हैयालाल भुवालका जाति अग्रवाल निवासी पूजा मार्केट जालान मार्ग वार्ड नं. 13, रतनगढ़	487.39 वर्गमीटर	69–क

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका रतनगढ़

शहरी सेवा शिविर

वार्डवासियों की समस्याओं का मौके पर हुआ समाधान

ललित दाधीच

राजलदेसर (नवयत्न)। राज्य सरकार के स्वायत्त शासन विभाग द्वारा संचालित शहरी सेवा शिविर-2026 अभियान के तहत सोमवार को नगर पालिका परिसर में वार्ड संख्या 22, 23 एवं 24 के वार्डवासियों के लिए शिविर आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी सहदेव दान चारण के निर्देशन में किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों की ओर से प्राप्त जनसमस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शिविर के दौरान कृषि भूमि से संबंधित 1, 69- के 2, जन्म पंजीयन के 2, विवाह पंजीयन का 1, पेंशन योजना के 4, जन आधार के 6, आधार सीडिंग के 5 तथा साफसफाई से जुड़े 4 आवेदनों का निस्तारण किया गया। इसके अलावा बिजली विभाग ने 1 तथा जलदाय विभाग ने 6 समस्याओं का समाधान किया। वहीं पालनहार योजना के 3 नए आवेदन चिन्हित किए गए तथा 7 आवेदनों का सत्यापन भी किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका के कनिष्ठ अभियंता सुनीलदत्त मंडार सहित फायरमैन हुकुम सिंह अर्जुन सिंह, गोविन्द, चन्दन सिंह, पायल सैन, महेन्द्र कुमार भार्गव, प्रेमरतन नाई, निर्मल, महेन्द्र मारू, राजकुमार, मनोज कुमार एवं अन्य पालिका कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत हुडास
पंचायत समिति लाडनूँ

क्रमांकः 2026–27/748 दिनांक : 22.06.2026

ई–निविदा सूचना संख्या– 27/2026–27

पंचायत समिति लाडनूं की अधीनस्थ ग्राम पंचायत छपारा में वित्तीय वर्ष 2026–27 में महात्मा गांधी नरेगा एवं पंचायतीराज की अन्य समस्त योजनाओं के तहत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिये निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु संवेदको विनिर्माताओं आपूर्तिकर्ताओं से ग्राम स्तरीय ई–निविदाए आमन्त्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल http:/www.sppp.rajasthan.gov.in एवं http:/www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकता है। निविदाये निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेंगी।

NIB-ZNR2627A0485 UBN-ZNR2627GLOB00658

प्रशासक — ग्राम पंचायत छपारा, पंचायत समिति लाडनूँ
ग्राम विकास अधिकारी — ग्राम पंचायत छपारा, पंचायत समिति लाडनूँ

कार्यालय ग्राम पंचायत बुगाला
पं. स. नवलगढ़ जिला झुन्झुनूं

क्रमांक :– ग्रा.प./लेखा/निविदा/2026–27/35 दिनांक :– 24–06–2026

ई-निविदा सूचना 2026-27

इस कार्यालय द्वारा ई–निविदा आंमत्रित की गयी है निविदा की विस्तृत सूचना एवं शर्ते http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

ई–निविदा संख्या	कार्य का नाम	अनुमानित राशि लाखों में	NIB CODE	UBN CODE	TENDER ID
1	निर्माण साम्रगी आपूर्ति हेतु ई–निविदा वित वर्ष 2026–27	50.00	ZJU2627A 0320	ZJU2627GLRC 00544	2026_PRD_ 571697_1

प्रशासक, ग्राम पंचायत बुगाला, पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत बुगाला, पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

कार्यालय ग्राम पंचायत उदरासर
पंचायत समिति लाडनूँ

क्रमांकः 2026–27/46 दिनांक : 22.06.2026

ई–निविदा सूचना संख्या– 28/2026–27

पंचायत समिति लाडनूं की अधीनस्थ ग्राम पंचायत उदरासर में वित्तीय वर्ष 2026–27 में महात्मा गांधी नरेगा एवं पंचायतीराज की अन्य समस्त योजनाओं के तहत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिये निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु संवेदको विनिर्माताओं आपूर्तिकर्ताओं से ग्राम स्तरीय ई–निविदाए आमन्त्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल http:/www.sppp.rajasthan.gov.in एवं http:/www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकता है। निविदाये निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेंगी।

NIB-ZNR2627A0486 UBN-ZNR2627GLOB00659

प्रशासक — ग्राम पंचायत उदरासर, पंचायत समिति लाडनूँ
ग्राम विकास अधिकारी — ग्राम पंचायत उदरासर, पंचायत समिति लाडनूँ

कार्यालय उप वन संरक्षक, सीकर (राजस्थान)

(सांवली रोड, सीकर–332001; Ph. No. 01572-274094; email: dcf.sikar.forest@rajasthan.gov.in, dcfsikar@gmail.com)

क्रमांक : एफ () भण्डार/उवसंसी/2026–27/7825 दिनांक : 22–6–26

बोली आमंत्रण सूचना संख्या 04/2026–27

वित्तीय वर्ष 2026–27 में वन मंडल, सीकर के अधीनस्थ नर्सरियों में पौध तैयारी हेतु निम्नानुसार सामग्री क्रय किये जाने बाबत् राजकीय निर्माण विभागों में सिविल कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से वार्षिक दर संविदा हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। समस्त निविदा प्रपत्र दिनांक 19.06.2026 सायं 6:00 बजे से संबंधित ई–निविदा साईट से डाउनलोड कर दिनांक 30–06–2026 को सायं 6:00 बजे तक ई–निविदा प्रपत्र मय अन्य दस्तावेज अपलोड किये जा सकते है। ऑनलाईन निविदाएं वन मंडल कार्यालय में दिनांक 01.07.2026 को अपरान्ह 2:00 बजे खोली जावेगी।

क्र.सं	निविदा संख्या	नाम कार्य	सप्लाई का स्थान	अनुमानित मात्रा	अनुमानित लागत राशि (लाखों में)	अमानत राशि	निविदा शुल्क (रूपये में)	MD, RISL शुल्क (रूपये में)
1	04/2026–27	मिंगणी खाद	वन मण्डल सीकर के अधीनस्थ रेंजो की नर्सरियों में	1500 घन मी.	21.51	43500/–	500/–	1000/–

निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। निविदा के विस्तृत नियम शर्तें एवं माल/सेवा से संबंधित मात्रा/संख्या एवं विशिष्टयां आदि निविदा प्रपत्र में अंकित है।

उप वन संरक्षक
सीकर

DIPR/C/11357/2026

कार्यालय ग्राम पंचायत बाकलिया
पंचायत समिति लाडनूँ

क्रमांकः 2026–27/86 दिनांक : 23.06.2026

ई–निविदा सूचना संख्या– 29/2026–27

पंचायत समिति लाडनूं की अधीनस्थ ग्राम पंचायत बाकलिया में वित्तीय वर्ष 2026–27 में महात्मा गांधी नरेगा एवं पंचायतीराज की अन्य समस्त योजनाओं के तहत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिये निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु संवेदको विनिर्माताओं आपूर्तिकर्ताओं से ग्राम स्तरीय ई–निविदाए आमन्त्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल http:/www.sppp.rajasthan.gov.in एवं http:/www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकता है। निविदाये निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेंगी।

NIB-ZNR2627A0487 UBN-ZNR2627GLOB00660

प्रशासक — ग्राम पंचायत बाकलिया, पंचायत समिति लाडनूँ
ग्राम विकास अधिकारी — ग्राम पंचायत बाकलिया, पंचायत समिति लाडनूँ

शिक्षा के लिए सहयोग करने वाले 96 भामाशाह जिला स्तर पर सम्मानित

सुरेन्द्र शर्मा

झुंझुनू (नवयत्न)। शिक्षा विभाग की ओर से सोमवार को इंदिरा नगर स्थित सामुदायिक विकास भवन में जिला स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में जिले के 96 भामाशाह और शिक्षा के क्षेत्र में प्रेरक भूमिका निभाने वाले 29 शिक्षकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य विशंभर पूनिया, सीबीईओ बुहाना वेदप्रकाश रांगेय, अमेरिका प्रवासी भामाशाह घासीराम वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक राजेश मिल तथा जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक संतोष साहू मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार शर्मा ने की। जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक संतोष साहू ने बताया कि जिले में शिक्षा के विकास के लिए भामाशाहों का योगदान लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 के दौरान भामाशाहों ने 8 करोड़ 68 लाख 40 हजार 462 रुपए का सहयोग दिया। 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के बीच स्कूल विकास के लिए 1 लाख से 30 लाख रुपए तक का सहयोग देने वाले 96 भामाशाहों को जिला स्तर पर सम्मानित किया गया। साथ ही शिक्षा के लिए प्रेरक भूमिका निभाने वाले 29 शिक्षकों को भी सम्मान मिला। 30 लाख से 1 करोड़ रुपए तक का सहयोग देने वाले 11 भामाशाहों को राज्य स्तरीय समारोह में सम्मानित किया जा चुका है। समारोह में अतिथियों ने सभी भामाशाहों को सम्मान-पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग ने कहा कि पिछले एक वर्ष में जिले के भामाशाहों ने स्कूलों के विकास के लिए 8 करोड़ 50 लाख रुपए से अधिक का सहयोग दिया है। उन्होंने कहा कि झुंझुनूं जिले में समाज को वापस देने की परंपरा लगातार मजबूत हो रही है। शिक्षा विभाग को विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक परिणाम और सकारात्मक वातावरण विकसित करने पर जोर देना चाहिए ताकि अधिक से अधिक लोग शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग के लिए आगे आएं और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार शर्मा ने कहा कि राजस्थान सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि ज्ञान संकल्प पोर्टल के माध्यम से सहयोग करने वाले भामाशाहों के साथ-साथ ऐसे प्रेरकों को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने समाज के लोगों को शिक्षा के लिए योगदान देने के लिए प्रेरित किया। समारोह में शिक्षा विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, भामाशाहए प्रेरक, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इस दौरान शिक्षा और समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वालों की सराहना की गई।

समस्या समाधान शिविर में हुए जनता के काम

निसं

सुजानगढ़ (नवयत्न)। शहरी समस्या समाधान शिविर 2026 के अन्तर्गत वार्ड नं. 28, 29, 30 तक का शिविर का आयोजन नगर परिषद के वी.सी. रूम में किया गया। सहायक अभियंता चारवी ने बताया कि उपखण्ड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा द्वारा शिविर का निरीक्षण किया गया। शिविर में कृषि भूमि पट्टे की 11 पत्रावलियां आवेदन हेतु प्राप्त हुई तथा पट्टा हस्तान्तरण 1, पट्टा नवीनीकरण 1 पत्रावलियों का मौके पर निस्तारण किया गया। यू.डी. टैक्स के आवेदन 6, जीवीपी. 6, सीवर कनेक्शन 6, नाली मरम्मत 2, जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन पत्र 23, स्ट्रीट लाईट 5, ईण्डब्ल्यू.एस. प्रमाण पत्र 2, पी.एम. स्वनिधि 1, जन आधार अद्यतन, संशोधन, नये जोड गये सदस्य 32, वृक्षारोपण 15, आज जोड़े गये पेशनर्स की संख्या 05 के प्रकरण प्राप्त हुऐ जिनको मौके पर निस्तारित किये गये। इसी प्रकार विद्युत सप्लाई में व्यवधान 5, ढीले तारों को व्यवस्थित 1, प्रकरण प्राप्त हुए, जिनको मौके पर निस्तारण किया गया है। चिकित्सा शिविर के अन्तर्गत 450 मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य 92 के प्रकरण प्राप्त हुए। एन.सी.डी. 310 प्रकरण प्राप्त हुए जिनको मौके पर निस्तारण किया गया। शिविर में निवर्तमान पार्षद दीनदयाल पारीक, पुरूषोतम शर्मा, पन्नालाल सोनी आदि ने उपस्थित होकर आमजन को शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। इस मौके पर शिविर प्रभारी सहायक अभियंता विक्रम जोरवाल, कनिष्ठ लेखाकार ओमप्रकाश खीचड़, वरिष्ठ लिपिक गौतम पारीक, लोकेश जांगिड तथा कनिष्ठ लिपिक लोकेश सियोता, फायरमैन देविका, बबिता मीणा व कम्प्यूटर ऑपरेटर नगर परिषद तथा चिकित्सा विभाग के नर्सिंग अधिकारी पंकज कुमारी, समाज कल्याण विभाग के सहायक लेखाधिकारी प्रहलाद शर्मा तथा अन्य विभागों के कार्मिक उपस्थित रहे। इसी प्रकार ग्राम पंचायत आबसर के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रभारी उपखंड अधिकारी ओम प्रकाश वर्मा, विकास अधिकारी मुकेश कुमार यादव, नायब तहसीलदार सुरेंद्र मीणा, सहायक विकास अधिकारी कमलकांत बेदी, रामानंद फलवाडिया, प्रशासक गिरधारी काँटीवाल सहित लगभग 20 विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर के दौरान खेतों के नामांतरण 25 और खाता शुद्धिकरण 15, चिकित्सा विभाग में 766 मरीजों जांच करवाई है। वैक्सीनेशन 10, कृषि विभाग से 240 किसानों ने पशुपालन विभाग में मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के अंतर्गत 65 किसानों को पॉलिसी का लाभ दिया गया। पंचायती राज विभाग में 20 पट्टा जारी किए गए और 16 व्यक्तिगत शौचालय के आवेदन प्राप्त हुए।

नंदीशाला के मुख्य द्वार निर्माण का शिलान्यास किया

निसं

बुगाला (नवयत्न)। बाबा सुंदरदास गोपाल नंदीशाला जाखल में सोमवार को मुख्य प्रवेश द्वार का शिलान्यास किया गया। भूमि पूजन का वैदिक अनुष्ठान पंडित मदन गोपाल शर्मा द्वारा विधि-विधान से सम्पन्न कराया गया। मुख्य द्वार का निर्माण भामाशाह सेठ श्यामसुंदर सौंथलिया प्रवासी मुंबई के आर्थिक सहयोग से कराया जा रहा है। इस अवसर पर नंदीशाला अध्यक्ष प्रताप सिंह मूंड ने बताया कि 20 बीघा भूमि पर नंदीशाला का निर्माण कार्य निरंतर प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि नंदीशाला के लिए यह भूमि भामाशाह रामजीलाल मूंड प्रवासी असम द्वारा दानस्वरूप उपलब्ध कराई गई थी। उनके इस सहयोग से नंदीशाला की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हुआ। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व सौंथलिया द्वारा नंदीशाला परिसर में ट्यूबवेल का निर्माण भी कराया जा चुका है। अब मुख्य द्वार का निर्माण प्रारम्भ होने से नंदीशाला के विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि नंदीशाला में चरणबद्ध रूप से आवश्यक आधारभूत सुविधाओं का विकास किया जा रहा है तथा समाज के सहयोग से यह परियोजना निरंतर आगे बढ़ रही है। इस अवसर पर भामाशाह रामजीलाल मूंड ने नन्दीशाला को एक लाख रुपए देने की घोषणा की। इस मौके पर बुद्धराम, देवीलाल, विद्याधर, राहुल कसवा, महेंद्र सिंह, गोशाला अध्यक्ष प्रताप सिंह मूंड, लीलाधर, दानसिंह मूंड, नत्थू खेदड़, रामसिंह, कैलाश डूडी, शिवराम गोदारा, कमलेश मूंड, विजय सिंह, अम्मीलाल खेदड़, मुकेश मूंड तथा श्रीराम सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं गौभक्त उपस्थित रहे।

दूसरा अखंड रामायण पाठ संपन्न

निसं

मुकुंदगढ़ (नवयत्न)। बाइपास रोड स्थित सिद्धेश्वर महादेव आश्रम एवं मंदिर में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर महंत चेतननाथ महाराज के सानिध्य में आयोजित अखंड रामायण पाठ संपन्न हुआ। सेवकों एवं स्थानीय भजन गायकारों ने भजनों की प्रस्तुतियां दी। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान शिव का आमरस से महाअभिषेक किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन पूजा अर्चना महा आरती में शामिल हुए। महंत चेतननाथ महाराज ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य युवाओं एवं सनातन धर्म प्रेमियों को धर्म से जोड़ना तथा उनमें धार्मिक एवं सांस्कृतिक जागरूकता का प्रसार करना है। इस अवसर पर अभयनाथ, सुंदरनाथ, दीपकनाथ सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

व्यापार में तनाव घटाने पर हुई सार्थक चर्चा

निसं

सुजानगढ़ (नवयत्न)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय शाखा सुजानगढ़ में राजयोग द्वारा तनाव घटाओ व्यापार बड़ाओ विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का दीप प्रज्जवलन संयुक्त व्यापार मंडल के अध्यक्ष गिरधारी लाल बुगालिया, उपकोष अधिकारी रामचंद्र जाट, विद्याधर पारीक, करणीसिंह शेखावत, सुधीर कुमार मुख्य व्यवस्थापक बैंक ऑफ बड़ोदा द्वारा किया गया। व्यापार एवं उद्योग प्रभाग माउंट आबू के राज सिंह भाई ने वर्तमान में व्यापार में चल रहे तनाव एवं उसके निराकरण पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि राजयोग द्वारा किस प्रकार हम व्यापार में चल रहे तनाव से मुक्त हो सकते हैं। कार्यक्रम में सविता राठी, रामाकिशन जांगिड़, सांवरमल अग्रवाल, नरेंद्र भाटी, तिलोकाराम दूधवाल सहित अनेक व्यापारी उपस्थित रहे। केंद्र संचालिका बीके सुप्रभा दीदी ने राजयोग का महत्व बताते हुए आभार व्यक्त किया।

ऐतिहासिक जैन मंदिर से प्राचीन बेशकीमती अष्टधातु की 18 मूर्तियां चोरी

निसं

तारानगर (नवयत्न)। अज्ञात चोर तारानगर के प्राचीन ऐतिहासिक जैन मंदिर के ताले तोड़कर मंदिर से अष्टधातु की प्राचीन ऐतिहासिक बेशकीमती 18 मूर्तियां चोरी कर ले गए। मुख्य बाजार के बीचों-बीच स्थित मंदिर में हुई इस चोरी वारदात से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। जैन समाज के आस्था से जुड़े इस मंदिर में हुई चोरी की इस घटना के बाद जैन समाज सहित शहर वासियों में भारी रोष व्याप्त है। घटना के बाद क्षेत्र में धार्मिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। पुलिस के मुताबिक तारानगर कस्बे के वार्ड नं. 11 मुख्य बाजार में बीचों-बीच स्थित करीब 1200 साल पुराने ऐतिहासिक शीतलनाथ जैन मंदिर में रविवार रात अज्ञात चोर मंदिर के ताले तोड़कर मंदिर के गर्भ गृह से शीतल नाथ जी की मुख्य मूर्ति व 17 तीर्थंकरों की अष्ट धातु की मूर्तियां चोरी कर ले गए। सोमबार सुबह 6 बजे जब पुजारी चेनरूप भोजक रोजाना की भांति पूजा-पाठ करने मंदिर आया तो मंदिर के मुख्य दरवाजे के ताले टूटे हुए मिले। मंदिर के ताले टूटे मिलने पर पुजारी चेनरूप ने इसकी सूचना मनोज कुमार चोरडिया को दी। सूचना मिलने पर मनोज कुमार तुरंत मंदिर पहुंचे व समाज सहित आसपास के लोगों को इसकी सूचना देकर मौके पर एकत्रित किया। मंदिर के मुख्य दरवाजे पर कटे हुए ताले व कटर पड़ा मिला जिस पर मनोज कुमार ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस के मौके पर पहुँचने पर जब मनोज कुमार सहित लोगों ने जैन मंदिर में प्रवेश किया तो देखा कि मंदिर के गर्भ गृह में शीतल नाथ जी की मुख्य मूर्ति व 17 तीर्थंकरों की अष्ट धातु की मूर्तियां गायब थी। मनोज ने बताया कि शीतलनाथ जी की मुख्य मूर्ति जो लगभग दो फिट के आकार की 10 किलो वजनी व 17 तीर्थकरों की अष्ट धातु की मूर्तियां, जो लगभग 1-1 फिट के आकार कीए जो प्रत्येक मूर्ति लगभग एक-दो किलो वजनी थी, को अज्ञात चोर रविवार रात्रि को किसी समय चोरी कर ले गए। तारानगर थाना पुलिस ने घटना स्थल का मौका मुआयना कर चोरी के साक्ष्य जुटा, व मनोज कुमार की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस टीम ने मंदिर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है तथा अज्ञात चोरों की तलाश में जुट गई है। जैन समाज और स्थानीय लोगों ने पुलिस से जल्द से जल्द इस चोरी का खुलासा कर मूर्तियां बरामद कर चोरों को गिरफ्तार करने की पुलिस प्रशासन से मांग की है।पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

टूटी सड़क बनी परेशानी, दिनभर गड्डों में फंसते रहे वाहन

अबूबकर बल्खी

लाडनूं (नवयत्न)। शहर के राहु गेट चार खंभा के पास जलदाय विभाग द्वारा पाइपलाइन डालने के दौरान तोड़ी गई सड़क अब आमजन और वाहन चालकों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गई है। सड़क निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिए जाने से यहां जगह-जगह गड्ढे बने हुए है, सोमवार को दिनभर यहां गड्ढों में वाहन फंसते रहे जिससे आवागमन भी बाधित रहा। यह मार्ग मुख्य बाजार और बस स्टैंड को जोड़ने वाला प्रमुख एवं संकरा रास्ता है, जहां सुबह से देर शाम तक भारी यातायात बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क खोदने के बाद विभाग द्वारा समय पर मरम्मत नहीं करवाई गई, जिससे दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां मुर्दा गली की पूरी सड़क को खोदकर छोड़ दिया गया है, जिससे राहगीरों और दुकानदारों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। संकरे मार्ग पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित होने से जाम जैसी स्थिति भी बन रही है। स्थानीय नागरिकों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को स्थिति से अवगत करवाते हुए शीघ्र सड़क मरम्मत और मार्ग को सुरक्षित बनाने की मांग की है ताकि बाजार क्षेत्र में सामान्य आवागमन बहाल हो सके और किसी संभावित दुर्घटना से बचा जा सके।

अवकाश कटौती के विरोध में शिक्षकों का कार्य बहिष्कार

नवरतन वर्मा

रतनगढ़ (नवयत्न)। राज्य सरकार द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश में कटौती किए जाने के निर्णय के विरोध में राजस्थान शिक्षक संघ के आह्वान पर क्षेत्र के शिक्षकों ने कार्य बहिष्कार कर सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। शिक्षकों ने इसे कर्मचारी विरोधी एवं शिक्षकों के अधिकारों पर कुठाराघात बताया। तहसील अध्यक्ष भोजराज शर्मा, तहसील मंत्री मुरलीधर अजमेरिया, कार्यकारी अध्यक्ष बाबूलाल मुंदलिया, सभाध्यक्ष रामचंद्र ऐचरा, उपसभाध्यक्ष महेंद्र सिंह शेखावत के नेतृत्व में आयोजित कार्य बहिष्कार के दौरान शिक्षकों ने सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ एकजुटता का प्रदर्शन किया। प्रांतीय संयुक्त मंत्री शुभकरण नैण, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य चौथमल चीनिया, जिला कार्यकारी अध्यक्ष सुरेंद्र सीगड़, जिला उपाध्यक्ष भंवरलाल पूनिया, जिला संयुक्त मंत्री मोहम्मद शकील, जिला उपसभाध्यक्ष महेंद्र हुड्डा, संगठन मंत्री रामकृष्ण ज्याणी, संघर्ष समिति सह संयोजक अमरदीप एवं प्रकाश चौधरी ने संयुक्त रूप से बताया कि सरकार शिक्षकों की भावनाओं की अनदेखी करते हुए एकतरफा निर्णय ले रही है। ग्रीष्मकालीन अवकाश में कटौती का आदेश भी इसी हठधर्मिता का परिणाम है, जिसे शिक्षक समाज किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं करेगा। अगले चरण में 30 जून 2026 को ब्लॉक मुख्यालय पर सरकार के अवकाश कटौती संबंधी आदेशों की प्रतियां जलाकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। कार्य बहिष्कार एवं विरोध प्रदर्शन में मनोज सारस्वत, राजकुमार लुहार, मदनलाल प्रजापत, कंचन भार्गव, सुमन कंवर, गरिमा परिहार, सुमन पांडे, पूनी मेघवाल, विजयपाल, नानूराम सोहु, धर्मपाल बुगालिया, शीशपाल, विनोद सैनी, सरोज, कमला, कपिल मीणा, मनोज डूडी, सुभाष नैण, रामचंद्र खीचड़, राकेश खीचड़, सांवरमल बरोड़, धर्मपाल ढेवा, सोमदत्त शर्मा, उम्मेद कुम्हार, महिपाल चौधरी, रणजीत नायक सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षिकाएं बहिष्कार में सम्मिलित रहे।

3 जुलाई से होगा जस-2026 का आगाजः जयपुर बनेगा वैश्विक जेम्स-ज्वेलरी कारोबार का केंद्र

निसं

जयपुर (नवयत्न)। ज्वेलर्स एसोसिएशन जयपुर जेएएस अपने स्थापना के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में 3 से 5 जुलाई तक सीतापुरा स्थित नोवोटेल जयपुर कन्वेंशन सेंटर जेईसीसी में जस-2026: द प्रीमियम बी2बी शो का आयोजन करेगा। बिजनेस-टू-बिजनेस बी2बी प्रारूप में आयोजित होने वाला यह सातवां संस्करण इस बार पहले से अधिक भव्य होगा।

शो को इस वर्ष एमएसएमई में भी पंजीकृत किया गया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष राजू मंगोड़ी वाला ने बताया कि इस वर्ष कुल 351 प्रदर्शनी बूथ लगाए जाएंगे, जिनमें 201 जेमस्टोन तथा 149 ज्वेलरी एवं एलाइड सेक्टर के होंगे। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार करीब 16 प्रतिशत अधिक बूथ लगाए जा रहे हैं। शो में जयपुर की विश्व प्रसिद्ध रत्न तराशने की कला, कुंदन-मीना-पोलकी जड़ाऊ आभूषणों के साथ आधुनिक डायमंड ज्वेलरी का प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दुनिया के लगभग 95 प्रतिशत पन्नों एमरल्ड की प्रोसेसिंग आज भी जयपुर में होती है, जो इस आयोजन का प्रमुख आकर्षण रहेगा।

दुनिया की नामी हस्तियां करेंगी उद्घाटन

शो के संयोजक अशोक माहेश्वरी और सह-संयोजक अनिल तांबी ने बताया कि 3 जुलाई को होने वाले उद्घाटन समारोह का शुभारंभ किरण जेम्स प्राइवेट लिमिटेड के सह-संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक मावजीभाई शामजीभाई पटेल करेंगे। समारोह में मालाबार ग्रुप के वाइस चेयरमैन के.पी. अब्दुल सलाम, दुबई ज्वेलरी ग्रुप के चेयरमैन एवं जवहरा ज्वेलरी के सीईओ ताहिद अब्दुल्लाह तथा एनजीजेसीआई के चेयरमैन प्रमोद डेरेवाला विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

जयपुर-दुबई के बीच होगा ऐतिहासिक एमओयू

इस वर्ष आयोजन की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि ज्वेलर्स एसोसिएशन जयपुर जस और दुबई गोल्ड एंड ज्वेलरी ग्रुप डीजेजी के बीच होने वाला एमओयू रहेगा। इस समझौते से जयपुर के ज्वेलर्स को दुबई सहित वैश्विक बाजारों तक बेहतर पहुंच मिलेगी। साथ ही डिजाइन नवाचार, आधुनिक विनिर्माण तकनीक, कौशल विकास, गुणवत्ता मानकों, सर्टिफिकेशन और सस्टेनेबल ट्रेड को बढ़ावा मिलेगा।

नवरतन कोठारी को मिलेगा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

एसोसिएशन के मानद मंत्री अजय गोधा ने बताया कि 4 जुलाई को आयोजित 18वें ज्वेलरी एमिनेंस अवार्ड्स जेईए-2026 समारोह में पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर मुख्य अतिथि होंगे।

समारोह में केजीके ग्रुप के चेयरमैन नवरतन कोठारी को जेम्स एवं ज्वेलरी उद्योग में उल्लेखनीय योगदान के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

21 श्रेणियों में दिए जाएंगे पुरस्कार

जेईए के समन्वयक नरेश अग्रोया ने बताया कि इस वर्ष 21 श्रेणियों में प्राप्त 647 प्रविष्टियों का मूल्यांकन किया गया है। 4 जुलाई को आयोजित ग्रैंड गाला नाइट में बॉलीवुड अभिनेत्री युविका चौधरी विजेताओं को सम्मानित करेंगी। समारोह में शारजाह चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के चेयरमैन सईद घानिम अल सुवैदी सहित कई अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे।

देश-विदेश के खरीदार होंगे शामिल

आयोजन में देश-विदेश के 26 से अधिक शहरों के प्रदर्शक हिस्सा लेंगे। अब तक 2,000 से अधिक ट्रेड बायर्स और 1,000 से अधिक होस्टेड बायर्स पंजीकरण करा चुके हैं। आगंतुकों के लिए श्जेएएस रॉयल लाउंज में राजस्थानी, पंजाबी और कॉन्टिनेंटल व्यंजनों की व्यवस्था रहेगी तथा परिसर में गोल्फ कार्ट सुविधा उपलब्ध होगी। करोड़ों-अरबों रुपये के बहुमूल्य रत्नों और आभूषणों की सुरक्षा के लिए पूरे परिसर में 24 घंटे त्रि-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। पुलिस, निजी सुरक्षा कर्मियों और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से पूरे आयोजन की निगरानी की जाएगी। एसोसिएशन की कोर टीम में उपाध्यक्ष गोविंद प्रकाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष गोविंद कुमार गुप्ता, संयुक्त मंत्री महावीर कुमार गुप्ता, संयोजक अशोक माहेश्वरी तथा सह.संयोजक अनिल तांबी सहित अन्य पदाधिकारी आयोजन की तैयारियों में जुटे हुए हैं।

अवैध मादक पदार्थ प्रकरण में एक और आरोपी गिरफ्तार

निसं

सुजानगढ़ (नवयत्न)। सदर थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ प्रकरण में फरार वांछित आरोपी गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। सब इंस्पेक्टर गीता रानी ने बताया कि 25 अप्रेल को अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध कार्यवाही के अभियान के दौरान आरोपी अनिल सांसी निवासी सुजानगढ के रिहायशी मकान से 5 किलो 698 ग्राम गांजा व अवैध शराब बरामद की गई और थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था।

इसी मामले में अनुसंधान अधिकारी गीता रानी ने मामले से जुड़े अन्य आरोपी अजय सांसी पुत्र जगदीश सांसी, निवासी भाकरों की ढाणी पुलिस थाना नेछवा के द्वारा घटना के समय गिरफ्तार मुल्जिम अनिल सांसी को अवैध मादक पदार्थ गांजा की बिक्री करना पाये जाने पर गिरफ्तार किया है। कार्यवाही में कांस्टेबल रतनलाल, सुभाष, सुनिल कुमार भी शामिल रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर (राज.) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190